# MASTER SET

Number of Pages : **36**
पृष्ठों की संख्या : **36**
No. of Questions : **150**
प्रश्नों की संख्या : **150**
Marks / अंक : **300**
Time / समय : **3 Hours / घण्टे**

**Subject Code**
**विषय कोड**

**101023**

**Subject :** PSYCHOLOGY
**विषय :** मनोविज्ञान

Candidate's Roll No.
अभ्यर्थी का अनुक्रमांक

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |

Candidate's Signature
अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

Invigilator's Signature
वीक्षक के हस्ताक्षर
1. ____________________ 2. ____________________

**INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES**

1. The Question Paper consists of **two** parts : **Part-I** is compulsory of **50** questions **(Q.No. 1 to 50)** and **Part-II** Subject-wise of **100** questions **(Q.No. 51 to 150)** .
2. Please write your entries like Roll No., Question Booklet No. and Subject Code etc. very carefully and fill the relevant circles on the OMR Answer Sheet.
3. For filling the OMR Answer Sheet and darkening the circle use **Blue/Black Ball Point Pen** only.
4. Answer **all** questions. There will be no negative marking.
5. Each question carries **02 (two)** marks.
6. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4.** You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **Blue/Black Ball Point Pen.**
7. Only **one** answer is to be given for each question. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer. A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.
8. If there is any sort of ambiguity/ mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Versions of the question, the English Version will be treated as standard.
9. In case of missing pages, missing questions or any kind of printing discrepancy / defect in Question Booklet, candidates put their objections to invigilator within 5 minutes and obtain another Question Booklet.

**अभ्यर्थियों के लिए निर्देश**

1. प्रश्न-पत्र में दो भाग हैं : **भाग-I** अनिवार्य के **50** प्रश्न (**प्र.सं. 1 से 50**) और **भाग-II** विषयानुसार के **100** प्रश्न (**प्र.सं. 51 से 150**)।
2. कृपया ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अपना अनुक्रमांक, प्रश्न-पुस्तिका सं. तथा विषय कोड आदि प्रविष्टियाँ सावधानीपूर्वक लिखें और संबंधित गोलों को भरें।
3. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में संबंधित जानकारी व गोले को भरने के लिए केवल **नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का उपयोग करें।
4. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। ऋणात्मक अंकन नहीं है।
5. प्रत्येक प्रश्न के **02 (दो)** अंक हैं।
6. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: **1, 2, 3, 4** अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर **नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** से गहरा करना है।
7. प्रत्येक प्रश्न का मात्र **एक** ही उत्तर दीजिए। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा। गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है। किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा।
8. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।
9. प्रश्न-पुस्तिका में पृष्ठ कम, प्रश्न संख्या कम या अन्य किसी भी मुद्रण दोष होने पर 5 मिनट में वीक्षक के समक्ष आपत्ति रखकर दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें।

**Do not open this Question Booklet until you are asked to do so. / इस प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**

# Part-I / भाग-I

**1.** Which of the following is the correct sequence of levels of teaching ?

(1) Reflective, Understanding, Memory
(2) Understanding, Memory, Reflective
(3) Memory, Understanding, Reflective
(4) Memory, Reflective, Understanding

**2.** 'Cone of Experience' related to teaching and learning was proposed by :

(1) Edgar Dale (2) B.S. Bloom
(3) John Dewey (4) Frobel

**3.** According to Morrison, which of the following steps are included under the (Understanding Syntax) model of teaching ?

(1) Exploration (2) Presentation
(3) Generalization
(4) Both Exploration and Presentation

**4.** Which among the following is advantage of Choice Based Credit System (CBCS) ?

(1) Shift in focus from the teacher centric to student centric education.
(2) Give new information in class.
(3) It promotes E-learning.
(4) Helping teachers to complete syllabus on time.

**5.** SWAYAM is a programme initiated by

(1) National Council of Educational Research and Training
(2) University Grant Commission
(3) Government of India
(4) Indira Gandhi National Open University

**6.** In research, SPSS is commonly used for data analysis. What does SPSS stand for ?

(1) Statistical Package for the Social Sciences
(2) Statistical Programme for Social Surveys
(3) Social Package for Statistical Studies
(4) Systematic Programme for Social Statistics

**1.** शिक्षण के स्तरों का सही अनुक्रम निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(1) चिंतनशील, बोध, स्मृति (2) बोध, स्मृति, चिंतनशील
(3) स्मृति, बोध, चिंतनशील (4) स्मृति, चिंतनशील, बोध

**2.** शिक्षण और अधिगम से संबंधित 'अनुभव का शंकु' इनके द्वारा प्रस्तावित किया गया था :

(1) एडगर डेल (2) बी.एस. ब्लूम
(3) जॉन डीवी (4) फ्रोबेल

**3.** मॉरीसन के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन से सोपानों को (बोध संरचना) शिक्षण प्रतिमान के अन्तर्गत सम्मिलित किया गया है ?

(1) अन्वेषण (2) प्रस्तुतीकरण
(3) सामान्यीकरण
(4) दोनों अन्वेषण और प्रस्तुतीकरण

**4.** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प आधारित क्रेडिट सिस्टम (CBCS) का लाभ है ?

(1) शिक्षक केन्द्रित से छात्र-केन्द्रित शिक्षा की ओर बदलाव ।
(2) कक्षा में नई जानकारी देता है ।
(3) यह ई-लर्निंग को बढ़ावा देता है ।
(4) शिक्षकों को पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण करने में मदद करना ।

**5.** स्वयं (SWAYAM) कार्यक्रम इनके द्वारा आरंभ किया गया है

(1) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
(2) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
(3) भारत सरकार
(4) इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

**6.** अनुसंधान में SPSS का प्रयोग सामान्यतः आँकड़ा विश्लेषण के लिए किया जाता है । SPSS का पूर्ण रूप क्या है ?

(1) स्टैटिस्टिकल पैकेज फॉर द सोशल साइंसेज़
(2) स्टैटिस्टिकल प्रोग्राम फॉर सोशल सर्वेज़
(3) सोशल पैकेज फॉर स्टैटिस्टिकल स्टडीज़
(4) सिस्टेमैटिक प्रोग्राम फॉर सोशल स्टैटिस्टिक्स

**7.** A researcher derives a hypothesis from an existing theory and then tests it through systematic observation. Which research approach is illustrated in this case ?

(1) Inductive approach
(2) Deductive approach
(3) Empirical approach
(4) Retrodictive approach

**8.** Which of the following is first step to start the Research Process ?

(1) Survey of related literature
(2) Identification of the problem
(3) To find the solution of the problem
(4) Selecting the data gathering methods and techniques

**9.** Which of the following sampling techniques is also known as 'Judgemental sampling' ?

(1) Quota sampling
(2) Convenience sampling
(3) Cluster sampling (4) Purposive sampling

**10.** Ethical Norms in research do not involve guidelines for :

(1) Copyright
(2) Data sharing policy
(3) Thesis format (4) Patenting policy

**7.** एक शोधकर्ता किसी विद्यमान सिद्धांत से परिकल्पना निर्मित करता है और फिर व्यवस्थित अवलोकन के माध्यम से उसका परीक्षण करता है । इस स्थिति में कौन सा शोध उपागम प्रदर्शित होता है ?

(1) आगमनात्मक उपागम (2) निगमनात्मक उपागम
(3) अनुभवजन्य उपागम (4) पूर्वव्यापी उपागम

**8.** निम्नलिखित में से शोध प्रक्रिया प्रारम्भ करने का प्रथम चरण कौन सा है ?

(1) सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण
(2) समस्या की पहचान
(3) समस्या का समाधान ढूँढ़ना
(4) प्रदत्त संकलन की विधि और तकनीकी का चयन

**9.** निम्नलिखित में से कौन सी प्रतिचयन प्रविधि 'निर्णयात्मक प्रतिचयन' से भी जानी जाती है ?

(1) यथांश (Quota) प्रतिचयन
(2) सुविधानुसार प्रतिचयन (3) पुंजानुसार प्रतिचयन
(4) उद्देश्यानुसार प्रतिचयन

**10.** अनुसंधान में नैतिक मानदंड के दिशा-निर्देशों में ये शामिल नहीं है :

(1) प्रतिलिप्याधिकार (2) डेटा साझाकरण नीति
(3) शोध-प्रबंध का प्रारूप (4) पेटेंट संबंधी नीति

**Passage English :**

Read the following passage and answer the **five** questions given below :
India is a treasure trove of culture, developed over thousands of years and manifested in the form of arts, works of literature, customs, traditions, linguistic expressions, artefacts, heritage sites, and more. Crores of people around the world partake in, enjoy, and benefit from this cultural wealth daily, in the form of visiting India for tourism, experiencing Indian hospitality, purchasing India's handicrafts and handmade textiles, reading the classical literature of India, practising yoga and meditation, being inspired by Indian philosophy, participating in India's unique festivals, appreciating India's diverse music and art, and watching Indian films, amongst many other aspects. It is this cultural and natural wealth that truly makes India, "Incredible India", as per India's tourism slogan. The preservation and promotion of India's cultural wealth must be considered a high priority for the country, as it is truly improtrant for the nation's identity as well as for its economy.

**Passage हिन्दी :**

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए और नीचे दिए गए **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :
भारत संस्कृति का समृद्ध भण्डार है – जो हज़ारों वर्षों में विकसित हुआ है और यहाँ की कला, साहित्यिक कृतियों, प्रथाओं, परम्पराओं, भाषाई अभिव्यक्तियों, कलाकृतियों, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के स्थलों इत्यादि में परिलक्षित होता हुआ दिखता है। भारत में भ्रमण, भारतीय अतिथि सत्कार का अनुभव लेना, भारत के खूबसूरत हस्तशिल्प एवं हाथ से बने कपड़ों को खरीदना, भारत के प्राचीन साहित्य को पढ़ना, योग एवं ध्यान का अभ्यास करना, भारतीय दर्शनशास्त्र से प्रेरित होना, भारत के अनुपम त्योहारों में भाग लेना, भारत के वैविध्यपूर्ण संगीत एवं कला की सराहना करना और भारतीय फिल्मों को देखना आदि ऐसे कुछ आयाम हैं जिनके माध्यम से दुनिया भर के करोड़ों लोग प्रतिदिन इस सांस्कृतिक विरासत में सम्मिलित होते हैं, इसका आनन्द उठाते हैं और लाभ प्राप्त करते हैं। यही सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक संपदा है जो भारत के पर्यटन स्लोगन के अनुसार भारत को वास्तव में "अतुल्य ! भारत" बनाती है। भारत की इस सांस्कृतिक संपदा का संरक्षण, संवर्धन एवं प्रसार, देश की उच्चतर प्राथमिकता होना चाहिए क्योंकि यह देश की पहचान के साथ-साथ इसकी अर्थव्यवस्था के लिए भी बहुत महत्त्वपूर्ण है।

**11.** The passage states that India's culture has been developed over :

(1) A few decades (2) Hundreds of years
(3) Thousands of years
(4) The last century

**12.** Which of the following is NOT explicitly mentioned in the passage as a way crores of people in the world daily benefit from or enjoy India's cultural wealth ?

(1) Practising yoga and meditation
(2) Purchasing handicrafts and handmade textiles
(3) Watching Indian films and appreciating diverse music
(4) Investing in India's stock market trading platforms

**13.** In the opening sentence of the passage, what does the word 'manifest' imply about the thousands of years of Indian culture ?

(1) The culture has remained an abstract, historical concept that cannot be easily observed.
(2) The culture has undergone a sudden, unplanned development without any historical continuity.
(3) The long span of history has materialized into concrete, observable expressions such as art, literature, and physical heritage sites.
(4) The culture is rapidly diminishing and can now only be found within historical records.

**11.** अनुच्छेद के अनुसार, भारत की संस्कृति विकसित हुई है :

(1) कुछ दशकों में (2) सैकड़ों वर्षों में
(3) हज़ारों वर्षों में (4) पिछली शताब्दी में

**12.** निम्नलिखित में से अनुच्छेद में कौन सा आयाम दुनिया भर के करोड़ों लोगों द्वारा भारतीय सांस्कृतिक विरासत का आनंद लेने अथवा लाभ उठाने के लिए नहीं बताया गया है ?

(1) योग एवं ध्यान का अभ्यास करना
(2) हस्तशिल्प और हाथ से बने कपड़ों को खरीदना
(3) भारतीय फिल्मों को देखना और वैविध्यपूर्ण संगीत की सराहना करना
(4) भारत के शेयर बाजार में निवेश करना

**13.** अनुच्छेद के पहले वाक्य में प्रयुक्त 'परिलक्षित' शब्द का भारतीय संस्कृति के हज़ारों वर्षों के संदर्भ में क्या निहितार्थ है ?

(1) भारतीय संस्कृति एक अमूर्त विचार है, जिसे आसानी से देखा नहीं जा सकता।
(2) भारतीय संस्कृति का विकास बिना किसी योजना के अचानक और अनियोजित तरीके से हुआ है।
(3) हजारों वर्षों का इतिहास कला, साहित्य, परंपराओं और ऐतिहासिक स्थलों के रूप में ठोस और दृश्यमान रूप में सामने आता है।
(4) भारतीय संस्कृति समय के साथ समाप्त हो रही है और अब केवल इतिहास अभिलेखों में बची है।

**14.** Assertion (A) : The preservation and promotion of India's cultural assets must be treated as a high-priority national objective.
Reason (R) : This cultural heritage not only maintains the unique identity of the nation but is also highly critical in strengthening the country's economic growth.

(1) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true, but (R) is false.
(4) (A) is false, but (R) is true.

**15.** Based on the passage, consider the following statements regarding India's cultural wealth :
(a) It has manifested over a timeline spanning several millennia.
(b) It serves as the foundational justification for the national tourism slogan, 'Incredible India'.
(c) Its global impact is restricted purely to spiritual practices and classical academia.
(d) It includes both tangible creations and intangible elements.
Choose the correct answer from the options given below :

(1) Only (a) and (b) are correct.
(2) Only (a), (b) and (d) are correct.
(3) Only (b), (c) and (d) are correct.
(4) All (a), (b), (c) and (d) are correct.

**16.** Radio and Television are the examples of :

(1) Group communication
(2) Intrapersonal communication
(3) Interpersonal communication
(4) Mass communication

**17.** On which criteria communication can be classified into 'Intrapersonal', 'Inter-personal', 'Group' and 'Mass' communication ?

(1) Medium of communication
(2) Number of participants of communication
(3) Message of communication
(4) Purpose of communication

**14.** कथन (A) : भारत की सांस्कृतिक संपदा का संरक्षण, संवर्धन एवं प्रसार देश की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए ।
कारण (R) : यह सांस्कृतिक विरासत न केवल देश की अनूठी पहचान को बनाए रखती है, बल्कि देश की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने में भी बहुत महत्त्वपूर्ण है ।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है ।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।
(3) (A) सही है, परंतु (R) गलत है ।
(4) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**15.** अनुच्छेद के आधार पर, भारत की सांस्कृतिक संपदा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(a) यह कई सहस्राब्दियों की समय-सीमा में प्रकट हुई है ।
(b) यह राष्ट्रीय पर्यटन स्लोगन, 'अतुल्य भारत' के लिए मूलभूत औचित्य प्रदान करती है ।
(c) इसका वैश्विक प्रभाव विशुद्ध रूप से केवल आध्यात्मिक प्रथाओं और शास्त्रीय शिक्षाविदों तक ही सीमित है ।
(d) इसमें मूर्त रचनाएँ और अमूर्त तत्त्व दोनों शामिल हैं ।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल (a) और (b) सही हैं ।
(2) केवल (a), (b) और (d) सही हैं ।
(3) केवल (b), (c) और (d) सही हैं ।
(4) सभी (a), (b), (c) और (d) सही हैं ।

**16.** रेडियो और टेलीविजन उदाहरण हैं :

(1) समूह संचार के
(2) अंतःवैयक्तिक संचार के
(3) अंतर-वैयक्तिक संचार के
(4) जनसंचार के

**17.** किस मानदंड के आधार पर संचार को 'अंतःवैयक्तिक', 'अंतर-वैयक्तिक', 'समूह' और 'जनसंचार' में वर्गीकृत किया जा सकता है ?

(1) संचार का माध्यम
(2) संचार में भाग लेने वालों की संख्या
(3) संचार का संदेश
(4) संचार का उद्देश्य

**18.** 'Circumlocution' as a barrier to communication refers to :

(1) Communicating through excessive use of technical jargon
(2) Using an unnecessarily roundabout way of expressing an idea instead of being direct
(3) A breakdown in communication caused by physical noise in the channel
(4) Withholding information deliberately to maintain power

**19.** A technical word interpreted differently by the sender and receiver illustrates :

(1) Physical barrier
(2) Semantic barrier
(3) Mechanical barrier
(4) Physiological barrier

**20.** In an organization, communication that takes place between employees belonging to different departments at the same hierarchical level is known as :

(1) Vertical communication
(2) Horizontal communication
(3) Diagonal communication
(4) Upward communication

**21.** A shopkeeper takes 10% profit on his goods. He lost 20% of his goods during a theft. What is his loss percent ?

(1) 10%
(2) 12%
(3) 8%
(4) 14%

**22.** Next term of the following letter series is - AZBY, CWFT, ETJO, GQNJ, .......

(1) IOQE
(2) INQF
(3) IORF
(4) INRE

**23.** A is sister of B. F is daughter of G. C is mother of B. D is father of C. E is mother of D. A is related to D as :

(1) Granddaughter
(2) Daughter
(3) Daughter-in-law
(4) Sister

**24.** Next term of the following number series is - 21, 65, 121, 209, 321, 453, 621, ........

(1) 809
(2) 797
(3) 799
(4) 807

**18.** संचार में बाधा के रूप में “वाक्‌वैचित्र्य” (Circumlocution) का तात्पर्य है

(1) अत्यधिक तकनीकी विशिष्ट शब्दावली के प्रयोग से संचार करना ।
(2) किसी विचार को सीधे तरीके से व्यक्त करने के बजाए अनावश्यक रूप से घुमा-फिराकर व्यक्त करना ।
(3) संचार माध्यम में भौतिक शोर के कारण होने वाला अवरोध ।
(4) शक्ति बनाए रखने के लिए जानबूझकर सूचना को रोकना ।

**19.** कोई तकनीकी शब्द जिसे प्रेषक और प्राप्तकर्ता अलग-अलग अर्थों में समझते हैं, वह किसका उदाहरण होगा ?

(1) भौतिक बाधा
(2) अर्थगत बाधा
(3) यांत्रिक बाधा
(4) शारीरिक बाधा

**20.** किसी संगठन में समान पदानुक्रमीय स्तर पर स्थित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के बीच होने वाला संचार क्या कहलाता है ?

(1) ऊर्ध्वाधर संचार
(2) क्षैतिज संचार
(3) विकर्ण संचार
(4) ऊर्ध्वगामी संचार

**21.** एक दुकानदार अपने सामान पर 10% का मुनाफा कमाता है । चोरी में उसका 20% सामान चला गया । उसका हानि प्रतिशत क्या है ?

(1) 10%
(2) 12%
(3) 8%
(4) 14%

**22.** निम्न वर्ण श्रेणी का अगला पद है - AZBY, CWFT, ETJO, GQNJ, .....

(1) IOQE
(2) INQF
(3) IORF
(4) INRE

**23.** A, B की बहन है । F, G की बेटी है । C, B की माँ है । D, C के पिता है । E, D की माँ है । A का D से क्या सम्बन्ध है ?

(1) पोती/नातिन
(2) बेटी
(3) बहू
(4) बहन

**24.** निम्न संख्या श्रेणी का अगला पद है – 21, 65, 121, 209, 321, 453, 621, .....

(1) 809
(2) 797
(3) 799
(4) 807

**25.** $\frac{1}{15}+\frac{1}{35}+\frac{1}{63}+\frac{1}{99}+\frac{1}{143}$ is equal to

(1) $\frac{8}{39}$ (2) $\frac{5}{39}$

(3) $\frac{7}{39}$ (4) $\frac{2}{39}$

**26.** Which of the codes given below contains only the correct statements ?

Statements :

(a) Venn diagram represents the arguments graphically.

(b) Venn diagram can enhance our understanding.

(c) Venn diagram may be called valid or invalid.

(d) Venn diagram is clear method of notation.

(1) (a), (b) and (c) only

(2) (a), (b) and (d) only

(3) (b), (c) and (d) only

(4) (a), (c) and (d) only

**27.** A horse ran 100 miles without stopping. What was the average speed in miles per hour ?

Statements :

I. The horse ran 20 miles per hour for the first 50 miles.

II. The entire journey starts from 8 pm on day one to 4 am the following day.

Select one of the answer choices given, whether the data given in the statements are sufficient for answering the question.

(1) Statement I alone is sufficient.

(2) Statement II alone is sufficient.

(3) Both statements I and II taken together are sufficient .

(4) None of the statement is sufficient.

**28.** "Planets are very large in size. Therefore, the atoms, from which they are formed, should be large enough." This inference commits which kind of fallacy ?

(1) Fallacy of ambiguity

(2) Fallacy of equivocation

(3) Fallacy of division (4) Ad populum

**25.** $\frac{1}{15}+\frac{1}{35}+\frac{1}{63}+\frac{1}{99}+\frac{1}{143}$ बराबर है

(1) $\frac{8}{39}$ (2) $\frac{5}{39}$

(3) $\frac{7}{39}$ (4) $\frac{2}{39}$

**26.** नीचे दिए गए कूटों में से किसमें केवल सही कथन है ?

कथन :

(a) वेन आरेख तर्कों को ग्राफ के रूप में दिखाता है ।

(b) वेन आरेख हमारी समझ को बेहतर बना सकता है ।

(c) वेन आरेख को सही या गलत कहा जा सकता है ।

(d) वेन आरेख आकृतियों को दिखाने का एक स्पष्ट तरीका है ।

(1) केवल (a), (b) और (c)

(2) केवल (a), (b) और (d)

(3) केवल (b), (c) और (d)

(4) केवल (a), (c) और (d)

**27.** एक घोड़ा बिना रुके 100 मील दौड़ा । उसकी औसत गति मील प्रति घंटा में क्या थी ?

कथन

I. घोड़ा पहले 50 मील तक 20 मील प्रति घंटा की गति से दौड़ा ।

II. पूरी यात्रा पहले दिन रात 8 बजे शुरू हुई और अगले दिन सुबह 4 बजे खत्म हुई ।

दिये गये उत्तर विकल्पों में से चुनकर बतायें कि क्या कथनों में दी गयी जानकारी सवाल का जवाब देने के लिये काफी है ।

(1) सिर्फ कथन I काफी है ।

(2) सिर्फ कथन II काफी है ।

(3) कथन I और II मिलकर काफी हैं ।

(4) कोई भी कथन काफी नहीं है ।

**28.** “ग्रहों का आकार बहुत बड़ा है । इसलिये परमाणु, जिससे ये बने हैं, का आकार पर्याप्त बड़ा होना चाहिये ।” यह अनुमान किस प्रकार के हेत्वाभास को दिखाता है ?

(1) अस्पष्टता का हेत्वाभास

(2) शब्दार्थ-भ्रम का हेत्वाभास

(3) विभाजन का हेत्वाभास (4) लोकप्रियता का तर्कदोष

**29.** Consider the statement and the following assumptions and decide which of the assumptions is implicit in the statement.

Statement : The new environmental law has been passed in our parliament with two-third majority.

Assumptions :

I : Protecting the environment has become a very important issue in our society.

II : This will absolve the government of its responsibility for any further damage to the environment.

(1) Only assumption I is implicit.

(2) Only assumption II is implicit.

(3) Both I and II are implicit.

(4) Neither I nor II is implicit.

**30.** Consider the following propositions :

A is human and mortal.

B is human and mortal.

C is human and mortal.

D is human and mortal.

Therefore, 'All humans are mortal' is an example of :

(1) Deductive argument

(2) Inductive argument

(3) Syllogistic argument

(4) None of these

**31.** Which of the following best describes the primary purpose of data governance in an organization ?

(1) Managing the complete life cycle of data, including storage, processing and disposal.

(2) Identifying key business entities and improving the quality of master data.

(3) Establishing processes, roles, policies, standards and responsibilities to ensure the effective and efficient use of data.

(4) Creating and maintaining data warehouses for business intelligence applications.

**32.** In qualitative data interpretation, data is often coded primarily to :

(1) Calculate the mean and standard deviation.

(2) Convert data into numerical values.

(3) Group and label data into identifiable themes.

(4) Perform regression analysis.

**29.** कथन और उसके बाद दी गई धारणाओं पर विचार करें और तय करें कि कौन सी धारणा कथन में निहित हैं ।

कथन : हमारी संसद में नया पर्यावरण कानून दो-तिहाई बहुमत से पारित किया गया है ।

धारणाएँ :

I : हमारे समाज में पर्यावरण की रक्षा करना एक बहुत महत्त्वपूर्ण मुद्दा बन गया है ।

II : इससे सरकार पर्यावरण को होने वाले किसी भी और नुकसान के लिये अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जायेगी ।

(1) केवल धारणा I निहित है ।

(2) केवल धारणा II निहित है ।

(3) I और II दोनों निहित हैं ।

(4) न तो I और न ही II निहित है ।

**30.** निम्न तर्कवाक्यों पर विचार करें :

A इंसान है और नश्वर है ।

B इंसान है और नश्वर है ।

C इंसान है और नश्वर है ।

D इंसान है और नश्वर है ।

इसलिये, 'सभी इंसान नश्वर हैं ।' किसका उदाहरण है ?

(1) निगमनात्मक तर्क

(2) आगमनात्मक तर्क

(3) न्याय-वाक्य सम्बन्धी तर्क

(4) इनमें से कोई नहीं

**31.** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प किसी संगठन में प्रदत्त शासन के प्रमुख उद्देश्य का सर्वोत्तम वर्णन करता है ?

(1) प्रदत्त के सम्पूर्ण जीवन-चक्र का प्रबन्धन करना, जिसमें उसका भंडारण, प्रसंस्करण तथा निपटान सम्मिलित हैं ।

(2) प्रमुख व्यावसायिक इकाइयों की पहचान करना तथा मूल प्रदत्त की गुणवत्ता में सुधार करना ।

(3) प्रदत्त के प्रभावी एवं दक्ष उपयोग को सुनिश्चित करने हेतु प्रक्रियाओं, भूमिकाओं, नीतियों, मानकों तथा उत्तरदायित्वों की स्थापना करना ।

(4) व्यावसायिक बुद्धिमत्ता अनुप्रयोगों के लिए प्रदत्त भंडारों का निर्माण एवं रखरखाव करना ।

**32.** गुणात्मक आँकड़ों की व्याख्या में आँकड़ों का कूटांकन मुख्यतः किस उद्देश्य से किया जाता है ?

(1) माध्य एवं मानक विचलन की गणना करने के लिए ।

(2) आँकड़ों को संख्यात्मक मानों में परिवर्तित करने के लिए ।

(3) आँकड़ों को पहचान योग्य विषय-वस्तुओं के आधार पर समूहबद्ध एवं नामांकित करने के लिए ।

(4) प्रतिगमन विश्लेषण करने के लिए

**33.** Study the following graph carefully and answer the given question. The graph consists of data about the number of vehicles produced by companies X & Y over the years.
In which of the following years, the difference between the productions of companies X & Y was the maximum ?




(1) 2010 (2) 2008
(3) 2007 (4) 2009

**33.** नीचे दिए गए ग्राफ को ध्यान से देखें और पूछे गये सवाल का जवाब दें । यह ग्राफ X और Y दो कंपनियों द्वारा विभिन्न वर्षों में बनाए गए वाहनों की संख्या के बारे में जानकारी देता है ।
इनमें से किस साल में कंपनी X और Y के उत्पादन के बीच का अन्तर सबसे अधिक था ?




(1) 2010 (2) 2008
(3) 2007 (4) 2009

**34.** The bar graph consists of data on number of students passed (in thousands) from two universities A and B in the years 2003 to 2008. Study the bar graph given below and answer the following question :
What is difference between the total number of students passed from both the universities together in 2007 and the total number of students passed from both the universities together in year 2005 ?




(1) 20000 (2) 30000
(3) 60000 (4) 70000

**34.** बार आरेख में 2003 से 2008 तक के वर्षों में दो विश्वविद्यालयों A और B से उत्तीर्ण छात्रों की संख्या (हज़ारों में) का आँकड़ा दिया गया है । नीचे दिए गए बार आरेख का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें :
वर्ष 2007 में दोनों विश्वविद्यालयों से मिलाकर उत्तीर्ण छात्रों की कुल संख्या और वर्ष 2005 में दोनों विश्वविद्यालयों से मिलाकर उत्तीर्ण छात्रों की कुल संख्या के बीच कितना अन्तर था ?




(1) 20000 (2) 30000
(3) 60000 (4) 70000

**35.** The following table presents data on the number of vehicles of three types (A, B and C) produced by a company over seven years, from 2012 to 2018. Based on data in table, answer the question given below :

The number of A type vehicles produced in the year 2014 was what percent of the number of C type of vehicles produced in the year 2016 ?

| Year | A Type | B Type | C Type |
|---|---|---|---|
| 2012 | 5,000 | 20,000 | 15,000 |
| 2013 | 15,000 | 10,000 | 22,500 |
| 2014 | 10,000 | 15,000 | 30,000 |
| 2015 | 17,500 | 15,000 | 23,000 |
| 2016 | 25,000 | 20,000 | 15,000 |
| 2017 | 13,000 | 25,000 | 20,000 |
| 2018 | 30,000 | 35,000 | 25,000 |

(1) Approximately 33.33%
(2) Approximately 66.67%
(3) Approximately 50.25%
(4) Approximately 15.63%

**36.** The primary purpose of the National Academic Depository is
(1) To host video lectures for university students.
(2) To provide Massive Open Online Courses (MOOCs).
(3) To facilitate the digital storage and verification of academic degrees.
(4) To provide funds for the research projects.

**37.** The objective of Digital India Mission is :
(1) To transform India into a digitally empowered society and knowledge economy.
(2) To promote industries.
(3) To develop agricultural field.
(4) To enhance the physical infrastructure.

**38.** Which layer of OSI reference model establishes the route between the sending and receiving stations ?
(1) Network layer (2) Data link layer
(3) Transport layer (4) Physical layer

**35.** निम्नलिखित तालिका में एक कंपनी द्वारा सात वर्षों 2012 से 2018 तक, तीन प्रकार के वाहनों (A, B और C) के उत्पादन की संख्या के बारे में आँकड़ा प्रस्तुत किया गया है । तालिका में दिए गए आँकड़ों के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें :

वर्ष 2014 में बनी A प्रकार के वाहनों की संख्या, वर्ष 2016 में बनी C प्रकार के वाहनों की संख्या का कितना प्रतिशत थी ?

| वर्ष | A प्रकार | B प्रकार | C प्रकार |
|---|---|---|---|
| 2012 | 5,000 | 20,000 | 15,000 |
| 2013 | 15,000 | 10,000 | 22,500 |
| 2014 | 10,000 | 15,000 | 30,000 |
| 2015 | 17,500 | 15,000 | 23,000 |
| 2016 | 25,000 | 20,000 | 15,000 |
| 2017 | 13,000 | 25,000 | 20,000 |
| 2018 | 30,000 | 35,000 | 25,000 |

(1) लगभग 33.33% (2) लगभग 66.67%
(3) लगभग 50.25% (4) लगभग 15.63%

**36.** नेशनल एकेडेमिक डिपोजिटरी का मूल उद्देश्य क्या है ?
(1) विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए वीडियो लेक्चर (दृश्य-श्रव्य व्याख्यान) आयोजित/उपलब्ध करवाना ।
(2) वृहद् मुक्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम (MOOCs) उपलब्ध करवाना ।
(3) शैक्षणिक उपाधियों के डिजिटल भंडारण एवम् सत्यापन को सुगम बनाना ।
(4) शोध परियोजनाओं (रिसर्च प्रोजेक्ट) के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाना ।

**37.** डिजिटल इंडिया मिशन का उद्देश्य क्या है ?
(1) भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज एवम् ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तित करना ।
(2) उद्योगों को बढ़ावा देना ।
(3) कृषि क्षेत्र का विकास करना ।
(4) भौतिक अवसंरचना (फीजिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर) को मजबूत बनाना ।

**38.** ओ.एस.आई. संदर्भ मॉडल की कौन सी परत (लेयर) प्रेषक और प्राप्तकर्ता स्टेशनों के बीच पथ (रूट) का निर्धारण करती है ?
(1) नेटवर्क परत (2) डेटा लिंक परत
(3) ट्रांसपोर्ट परत
(4) भौतिक (फीजिकल) परत

**39.** Which protocol is used for remote login ?

(1) HTTP (2) FTP
(3) SMTP (4) Telnet

**40.** Which of the following is a unique 12 digit identification number linked to the Academic Bank of Credits (ABC) ?

(1) Aadhar (2) APAAR
(3) ISSN (4) IMEI

**41.** What is key conceptual difference between the Millennium Development Goals (MDGs) and Sustainable Development Goals (SDGs) ?

(1) MDGs focused only on environmental issues, while SDGs focus only on economic issues.
(2) MDGs were universal while SDGs apply only to developing countries.
(3) Compared with MDGs, the SDGs integrate economic, social and environmental dimensions of development more comprehensively.
(4) MDGs included more objectives and targets than SDGs.

**42.** Excessive application of Nitrogen-rich fertilizers is most commonly associated with which of the following environmental impacts ?

(1) Increased soil salinity.
(2) Eutrophication and acceleration in soil acidification.
(3) Eutrophication and acceleration in soil basicity.
(4) Both Increased soil salinity & Eutrophication and acceleration in soil acidification.

**43.** According to India's National Forest Policy (1988), what proportion of total geographical area of country's hilly and mountainous region should be maintained under forest and tree cover ?

(1) One-third of such area
(2) One-fourth of such area
(3) Two-fifth of such area
(4) Two-third of such area

**39.** कौन सा प्रोटोकॉल दूरस्थ लॉगिन (रिमोट लॉगिन) के काम आता है ?

(1) HTTP (2) FTP
(3) SMTP (4) Telnet

**40.** एकेडेमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (ABC) से संबद्ध 12 अंक की अनन्य परिचायक संख्या (यूनिक आइडेंटिटी नंबर) है :

(1) आधार (2) अपार
(3) आई.एस.एस.एन. (4) आई.एम.ई.आई.

**41.** सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों (MDGs) तथा सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) के मध्य मुख्य वैचारिक अंतर क्या है ?

(1) MDGs केवल पर्यावरणीय विषयों पर केन्द्रित थे, जबकि SDGs केवल आर्थिक विषयों पर केन्द्रित हैं।
(2) MDGs सार्वभौमिक थे, जबकि SDGs केवल विकासशील देशों पर लागू होते हैं।
(3) MDGs की तुलना में SDGs विकास के आर्थिक, सामाजिक तथा पर्यावरणीय आयामों को अधिक व्यापक रूप से एकीकृत करते हैं।
(4) MDGs में SDGs की तुलना में अधिक उद्देश्य एवं लक्ष्य शामिल थे।

**42.** नाइट्रोजन-समृद्ध उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग सामान्यत: निम्नलिखित में से किस पर्यावरणीय परिणाम से सर्वाधिक संबंधित है ?

(1) मृदा लवणता में बढ़ोतरी।
(2) सुपोषणता एवं मृदा अम्लीकरण त्वरण।
(3) सुपोषणता एवं मृदा क्षारकता त्वरण।
(4) दोनों मृदा लवणता में बढ़ोतरी एवं सुपोषणता एवं मृदा अम्लीकरण त्वरण।

**43.** भारत की राष्ट्रीय वन नीति (1988) के अनुसार, देश के पर्वतीय एवं पहाड़ी क्षेत्रों के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का कितना भाग वन एवं वृक्ष आवरण के अंतर्गत बनाये रखा जाना चाहिए ?

(1) ऐसे क्षेत्रफल का एक-तिहाई
(2) ऐसे क्षेत्रफल का एक-चौथाई
(3) ऐसे क्षेत्रफल का दो-पंचमांश
(4) ऐसे क्षेत्रफल का दो-तिहाई

**44.** Which of the following groups of gases is NOT strictly a group of greenhouse gases ?

(1) Carbon dioxide ($CO_2$), Nitrous oxide ($N_2O$), Methane ($CH_4$)

(2) Carbon monoxide (CO), Carbon dioxide ($CO_2$), Methane ($CH_4$)

(3) Carbon dioxide ($CO_2$), Ozone ($O_3$), Methane ($CH_4$)

(4) Water vapour ($H_2O$), Carbon dioxide ($CO_2$), Methane ($CH_4$)

**45.** Which of the following sequences correctly represents the chronological order of the standard disaster management cycle phases as recognized by the National Disaster Management Authority (NDMA), Government of India ?

(1) Mitigation → Preparedness → Response → Recovery

(2) Recovery → Mitigation → Response → Preparedness

(3) Response → Mitigation → Recovery → Preparedness

(4) Preparedness → Recovery → Mitigation → Response

**46.** Which of the following organizations is working for Indianization of education ?

(1) Smile foundation (2) Nanhi Kali

(3) Bhartiya Shikshan Mandal

(4) Rupayan Sansthan, Borunda

**47.** Which of the following is an ancient language typically studied under oriental learning institution in India ?

(1) Mojo (2) Prakrit

(3) Verse (4) Carbon

**48.** Which is a national skill certification scheme aimed at making India's youth job ready ?

(1) PMJDY (2) PMKVY

(3) PMJAY (4) PMSBY

**49.** The PM Shri Narendra Modi urged to revive which old Indian tradition in the 135$^{th}$ episode of Mann Ki Baat ?

(1) Ashwamedha (2) Jatkarma

(3) Rajyabhishek (4) Shastrartha

**44.** निम्नलिखित में से कौन सा गैसों का समूह पूर्णतः ग्रीनहाउस गैसों का समूह नहीं है ?

(1) कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$), नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$), मीथेन ($CH_4$)

(2) कार्बन मोनोऑक्साइड (CO), कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$), मीथेन ($CH_4$)

(3) कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$), ओजोन ($O_3$), मीथेन ($CH_4$)

(4) जल वाष्प ($H_2O$), कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$), मीथेन ($CH_4$)

**45.** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA), भारत सरकार द्वारा मान्यता-प्राप्त मानक आपदा प्रबंधन चक्र के चरणों के सही कालानुक्रमिक क्रम को निम्नलिखित में से कौन सा अनुक्रम दर्शाता है ?

(1) शमन → तत्परता → अनुक्रिया → पुनर्प्राप्ति

(2) पुनर्प्राप्ति → शमन → अनुक्रिया → तत्परता

(3) अनुक्रिया → शमन → पुनर्प्राप्ति → तत्परता

(4) तत्परता → पुनर्प्राप्ति → शमन → अनुक्रिया

**46.** निम्नलिखित में से कौन सा संगठन शिक्षा के भारतीयकरण के लिए कार्यरत है ?

(1) स्माइल फाउंडेशन (2) नन्ही कली

(3) भारतीय शिक्षण मंडल (4) रूपायन संस्थान, बोरुंदा

**47.** निम्नलिखित में से कौन सी एक पुरातन भाषा है, जिसका अध्ययन सामान्यतः भारत के प्राच्य शिक्षा (ओरिएन्टल लर्निंग) संस्थानों में किया जाता है ?

(1) मोजो (Mojo) (2) प्राकृत (Prakrit)

(3) वर्स (Verse) (4) कार्बन (Carbon)

**48.** कौन सी राष्ट्रीय कौशल प्रमाणन योजना भारत के युवाओं को रोज़गार के लिए तैयार करती है ?

(1) पीएमजेडीवाई (2) पीएमकेवीवाई

(3) पीएमजेएवाई (4) पीएमएसबीवाई

**49.** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 135वें संस्करण में किस भारतीय पुरातन पद्धति के पुनरुत्थान की बात कही ?

(1) अश्वमेध (2) जातकर्म

(3) राज्याभिषेक (4) शास्त्रार्थ

**50.** Grammarian Panini was associated with :

(1) Nalanda (2) Vikramshila

(3) Takshashila (4) Odantpuri

**50.** वैयाकरण पाणिनि किस विश्वविद्यालय से जुड़े थे ?

(1) नालंदा (2) विक्रमशिला

(3) तक्षशिला (4) उदंतपुरी

# Part-II / भाग-II

51. The "Crisis in Psychology" was largely a reaction against the dominance of which paradigm ?
(1) Qualitative Inquiry
(2) Humanistic Psychology
(3) Logical Empiricism
(4) Post colonialism

52. The Gender discrimination is based on what among the following ?
a. Preference for male child
b. Decision making power within family
c. Lack of Education
d. Dependence on mates
Select the code :
(1) Only (a)  (2) Only (b)
(3) (a), (c) and (d)  (4) (a), (b), (c) and (d)

53. Who proposed the General Strain Theory of cyber bullying ?
(1) Agrew  (2) Knowaliske
(3) Anderson  (4) Bushman

54. Which of the following sentence is most Watsonian by nature ?
(1) Science needs public data
(2) Mind is a stream
(3) Whole precedes parts
(4) Self shapes growth

55. Who tested Motor Reaction Time in 1860 ?
(1) Gustav Fechner  (2) Wundt Wilhelm
(3) Jung Carl  (4) Maslow Abraham

56. According to Buddhist psychology, which concept forms the starting point of the Buddha's psychological analysis of human existence ?
(1) Craving  (2) Ignorance
(3) Suffering  (4) Attachment

57. Psychologists Angel, Carr and Dewey were part of _______ of school of psychology.
(1) Behaviourism  (2) Functionalism
(3) Gestaltism  (4) Structuralism

51. "मनोविज्ञान में संकट" मुख्यत: किस प्रतिमान के वर्चस्व के विरुद्ध प्रतिक्रिया थी ?
(1) गुणात्मक अनुसंधान
(2) मानवतावादी मनोविज्ञान
(3) तार्किक अनुभववाद
(4) उत्तर-औपनिवेशिकतावाद

52. लिंगीय भेदभाव निम्न में से किस पर आधारित है ?
a. पुत्र बालक की ललक
b. परिवार के अंदर ही निर्णय लेने की क्षमता
c. शिक्षा का अभाव
d. साथी पर निर्भरता
सही कूट चुनिए :
(1) केवल (a)  (2) केवल (b)
(3) (a), (c) तथा (d)  (4) (a), (b), (c) एवं (d)

53. किसने साइबर बुलिंग के स्ट्रेन सिद्धान्त का प्रतिवादन किया ?
(1) एग्रूल्यू  (2) नोवलश्की
(3) एण्डरसन  (4) बुशमैन

54. निम्नलिखित में से कौन से कथन की प्रकृति सर्वाधिक वॉट्सनवादी है ?
(1) विज्ञान को सार्वजनिक डेटा की आवश्यकता है
(2) मन एक धारा है
(3) संपूर्ण, भागों से पहले आता है
(4) स्वयं विकास को आकार देता है ।

55. 1860 में गति प्रतिक्रिया समय का किसने परीक्षण किया ?
(1) गुस्ताव फेकनर  (2) वुण्ड्ट विल्हेम
(3) यंग कार्ल  (4) मास्लो अब्राहम

56. बौद्ध मनोविज्ञान के अनुसार, मानव अस्तित्व के मनोवैज्ञानिक विश्लेषण का प्रारम्भ किस अवधारणा से होता है ?
(1) तृष्णा  (2) अविद्या
(3) दुख  (4) उपादान

57. मनोवैज्ञानिक एन्जल, कॉर और डीवी मनोविज्ञान के किस सम्प्रदाय के अंग थे ?
(1) व्यवहारवाद  (2) कार्यवाद
(3) गेस्टाल्टवाद  (4) संरचनावाद

**58.** Which pair is most accurately matched ?

(1) Wundt - Purposive behaviourism
(2) James - Stream of consciousness
(3) Freud - direct observation of overt behaviour
(4) Dilthey - laboratory introspection as the sole method

**59.** Indigenization of psychology in India has been classified into which two forms ?

(1) Objective and Subjective indigenization
(2) Traditional and Modern indigenization
(3) Endogenous and Exogenous indigenization
(4) Emic and Etic indigenization

**60.** Which era believed in the law of nature, fate or destiny to explain behaviour ?

(1) Renaissance era (2) Scientific era
(3) Greek era (4) Ancient era

**61.** Where in India was the first laboratory of psychology established ?

(1) Calcutta (2) New Delhi
(3) Bombay (4) Madras

**62.** What is the purpose of research in any project ?

(1) To find out the cause & effect of the research problem.
(2) To provide space to understand.
(3) To suggest an answer to the research objective.
(4) To find out the relationship between two variables.

**63.** In the context of knowledge paradigms, "Epistemology" refers to the study of :

(1) The nature of reality
(2) The nature and scope of knowledge
(3) The ethics of data collection
(4) The history of science

**64.** The Pearson's correlation coefficient 'r' can take a value ranging between :

(1) +1 to –1 including zero
(2) –1 to 0 (3) 0 to +1
(4) –3 to +3 including zero

**58.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सर्वाधिक उपयुक्त रूप से सुमेलित है ?

(1) वुण्ड्ट – प्रयोजनवादी व्यवहारवाद
(2) जेम्स – चेतना की धारा
(3) फ्रायड – प्रत्यक्ष प्रकट व्यवहार का अवलोकन
(4) डिल्थे – प्रयोगशाला अंतर्दर्शन को एकमात्र विधि माना

**59.** भारत में मनोविज्ञान के स्वदेशीकरण को किन दो रूपों में वर्गीकृत किया गया है ?

(1) वस्तुनिष्ठ एवं व्यक्तिनिष्ठ स्वदेशीकरण
(2) पारम्परिक एवं आधुनिक स्वदेशीकरण
(3) अंतर्जात एवं बहिर्जात स्वदेशीकरण
(4) एमिक एवं एटिक स्वदेशीकरण

**60.** कौन सा काल, व्यवहार को समझाने के लिए प्रकृति, भाग्य या किस्मत के कानून में विश्वास करता है ?

(1) पुनर्जागरण युग (2) वैज्ञानिक युग
(3) ग्रीक युग (4) पुरातन युग

**61.** प्रथम मनोविज्ञान प्रयोगशाला भारत में कहाँ स्थापित की गई ?

(1) कलकत्ता (2) नई दिल्ली
(3) बम्बई (4) मद्रास

**62.** किसी भी प्रोजेक्ट में अनुसंधान का क्या उद्देश्य होता है ?

(1) अनुसंधान समस्या के कारण और परिणाम को ज्ञात करना ।
(2) समझने में स्थान प्रदान करना ।
(3) अनुसंधान उद्देश्य के समाधान सुझाना ।
(4) दो चरों में संबंध ज्ञात करना ।

**63.** ज्ञान प्रतिमानों के सन्दर्भ में "ज्ञान-मीमांसा" (Epistemology) किसके अध्ययन को सन्दर्भित करती है ?

(1) वास्तविकता की प्रकृति ।
(2) ज्ञान की प्रकृति और परिधि ।
(3) आँकड़ा संग्रह की नैतिकता ।
(4) विज्ञान का इतिहास ।

**64.** पियरसन सहसंबंध गुणांक 'r' का प्रसार मूल्य विस्तार ______ के मध्य होता है ।

(1) शून्य के साथ + 1 से – 1
(2) – 1 से 0 (3) 0 से + 1
(4) शून्य के साथ – 3 से + 3

**65.** **Assertion (A) :** Increasing the sample size of a research study generally increases the statistical power of the hypothesis test.
**Reason (R) :** A large sample size reduces the standard error of the mean, thereby making it easier to detect a true population effect if one exists.
Choose the correct option :
(1) Both (A) & (R) are true & (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) & (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true but (R) is false.
(4) (A) is false but (R) is true.

**66.** **Assertion (A) :** A Latin square design is highly useful for controlling order effects in repeated measures experiment.
**Reason (R) :** It ensures that every treatment condition appears equally often in each ordinal position across the participants.
Choose the correct option :
(1) Both (A) & (R) are true & (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) & (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true but (R) is false.
(4) (A) is false but (R) is true.

**67.** Consider the following statements regarding factor analysis :
I. It is primarily used to reduce a large number of variables into fewer underlying dimensions.
II. Orthogonal rotation assumes that the extracted factors are correlated with each other.
III. Eigen values indicate the amount of variance explained by each other.
IV. Oblique rotation maintains that factors are entirely independent of one another.
Choose the correct option :
(1) Statements I and II are correct.
(2) Statements I and III are correct.
(3) Statements II and IV are correct.
(4) Statements III and IV are correct.

**65.** **अभिकथन (A) :**किसी शोध अध्ययन में प्रतिदर्श आकार बढ़ाने से सामान्यत: परिकल्पना परीक्षण की सांख्यिकीय शक्ति बढ़ जाती है ।
**कारण (R) :**बड़ा प्रतिदर्श आकार माध्य की मानक त्रुटि को कम कर देता है, जिससे वास्तविक जनसंख्या प्रभाव का पता लगाना यदि वह उपस्थित है तो अधिक सरल हो जाता है ।
सही विकल्प चुनिए :
(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(2) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(3) (A) सत्य है, किन्तु (R) असत्य है ।
(4) (A) असत्य है, किन्तु (R) सत्य है ।

**66.** **अभिकथन (A) :**लैटिन वर्ग अभिकल्प पुनरावृत्त मापन प्रयोगों में क्रम-प्रभावों को नियंत्रित करने में अत्यंत उपयोगी है ।
**कारण (R) :**यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक उपचार अवस्था प्रतिभागियों में प्रत्येक क्रमिक स्थिति पर समान आवृत्ति से प्रकट हो ।
सही विकल्प चुनिए :
(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(2) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(3) (A) सत्य है, किन्तु (R) असत्य है ।
(4) (A) असत्य है, किन्तु (R) सत्य है ।

**67.** कारक विश्लेषण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
I. इसका मुख्य उपयोग बड़ी संख्या में चरों को कुछ आधारभूत आयामों में संक्षिप्त करने के लिए किया जाता है ।
II. समकोणीय घूर्णन यह मानता है कि निष्कर्षित कारक परस्पर सहसंबंध में होते हैं ।
III. स्वमान प्रत्येक कारक द्वारा व्याख्यायित विचरण की मात्रा को दर्शाते हैं ।
IV. तिर्यक् घूर्णन यह मानता है कि कारक पूर्णत: एक दूसरे से स्वतंत्र होते हैं ।
सही विकल्प चुनिए ।
(1) कथन I तथा II सही हैं ।
(2) कथन I तथा III सही हैं ।
(3) कथन II तथा IV सही हैं ।
(4) कथन III तथा IV सही हैं ।

**68.** In a simple linear regression equation represented as Y = a + bX, What does the symbol ‘b’ represent ?

(1) The y-intercept

(2) The predicted score

(3) The slope of the regression line

(4) The standard error of the estimate

**69.** Match the parametric statistical tests in List-I with their corresponding non-parametric alternatives in List-II :

| List-I | List-II |
|---|---|
| (a) Independent samples t-test | 1. Kruskal - Wollis test |
| (b) Paired samples t-test | 2. Mann-Whitney U-test |
| (c) One-way ANOVA | 3. Friedman test |
| (d) Repeated measures ANOVA | 4. Wilcoxon signed Rank test |

**Choose the correct option :**

(1) (a)-2, (b)-4, (c)-1, (d)-3

(2) (a)-4, (b)-2, (c)-3, (d)-1

(3) (a)-2, (b)-4, (c)-3, (d)-1

(4) (a)-1, (b)-3, (c)-2, (d)-4

**70.** Which qualitative research method primarily focuses on understanding the lived, subjective experiences of individuals regarding a specific event ?

(1) Grounded theory (2) Phenomenology

(3) Ethnography (4) Focus groups

**71.** When a researcher wants to compare group means statistically controlling a covariate he uses :

(1) ANOVA (2) MANOVA

(3) ANCOVA (4) Regression

**72.** What is the non-parametric equivalent of the independent samples t-test ?

(1) Wilcoxon Signed-rank Test

(2) Mann-Whitney U Test

(3) Kruskal -Wallis Test

(4) Friedman Test

**68.** सरल रैखिक प्रतिगमन समीकरण Y = a + bX में ‘b’ किसका प्रतिनिधित्व करता है ?

(1) y-अवरोधक (2) पूर्वानुमानित प्राप्तांक

(3) प्रतिगमन रेखा की प्रवणता

(4) आकलन की मानक त्रुटि

**69.** सूची-I के प्राचलिक सांख्यिकीय परीक्षणों का सूची-II में दिए गए उनके अप्राचलिक विकल्पों से मिलान कीजिए ।

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) स्वतंत्र प्रतिदर्श t-परीक्षण | 1. क्रुस्कल-वॉलीस परीक्षण |
| (b) युग्मित प्रतिदर्श t-परीक्षण | 2. मान-व्हिटनी U परीक्षण |
| (c) एकमार्गीय प्रसरण विश्लेषण | 3. फ्रायडमैन परीक्षण |
| (d) पुनरावृत्त मापन प्रसरण विश्लेषण | 4. विल्कॉक्सन चिह्नित-कोटि परीक्षण |

**सही विकल्प चुनिए :**

(1) (a)-2, (b)-4, (c)-1, (d)-3

(2) (a)-4, (b)-2, (c)-3, (d)-1

(3) (a)-2, (b)-4, (c)-3, (d)-1

(4) (a)-1, (b)-3, (c)-2, (d)-4

**70.** कौन सी गुणात्मक अनुसंधान विधि, किसी विशिष्ट आयोजन के संबंध में व्यक्तियों के जीवित एवं व्यक्तिनिष्ठ अनुभवों को समझने पर मुख्यत: केन्द्रित होती है ?

(1) आधारभूत सिद्धान्त (2) घटनाविज्ञान

(3) नृवंशविज्ञान (4) केन्द्रित समूह

**71.** जब एक अनुसंधानकर्ता सह-चर (Co-variate) को सांख्यिकीय रूप से नियंत्रित करते हुए समूह माध्यों की तुलना करना चाहता है तो वह उपयोग करता है :

(1) प्रसरण विश्लेषण (ANOVA)

(2) बहुचर प्रसरण विश्लेषण (MANOVA)

(3) सह-प्रसरण विश्लेषण (ANCOVA)

(4) प्रतिगमन (Regression)

**72.** स्वतंत्र प्रतिदर्श t-परीक्षण का अप्राचलिक समतुल्य (Non-parametric equivalent) क्या है ?

(1) विल्कॉक्सन साइन्ड-रैंक परीक्षण

(2) मान-व्हिटनी U परीक्षण

(3) क्रुस्कल-वॉलीस परीक्षण (4) फ्रीडमैन परीक्षण

**73.** Which of the following scaling methods have been developed by Thurstone ?

(1) Method of paired comparison
(2) Method of summated ratings
(3) Method of successive Intervals
(4) Equal Appearing Intervals method

**74.** Match List-I with List-II :

| List-I | List-II |
|---|---|
| a. Concurrent validity | 1. Utilizing factor analysis to confirm underlying theoretical traits. |
| b. Predictive validity | 2. Relying on Subject Matter Experts (SMEs) to evaluate domain coverage |
| c. Construct validity | 3. Correlating test scores with a future criterion measures |
| d. Content validity | 4. Correlating test scores with an existing, simultaneously available criterion. |

Choose the correct option :

(1) a-4, b-3, c-1, d-2
(2) a-3, b-4, c-2, d-1
(3) a-4, b-3, c-2, d-1
(4) a-1, b-2, c-3, d-4

**75.** Standard Error of Measurement (SEM) is used to

(1) Determine the validity of a test
(2) Calculate the mean of a sample
(3) Estimate the range within which a person's "true score" likely falls
(4) Select a random sample

**76.** Computer based Psychological Testing (CBT) is preferred over paper-pencil test primarily for :

(1) Precise timing and automated, error free scoring
(2) Being cheap for everyone.
(3) Not needing validity checks.
(4) Being easier for the elderly.

**77.** Psychological testing in the case of Military consists of _______.

1. Psychiatric Evaluation.
2. Treating mental & emotional disorder.
3. Offering counselling services.

Choose the correct code :

(1) Only 1
(2) Only 2
(3) Only 3
(4) 1, 2 and 3

**73.** थर्स्टन द्वारा निम्न में कौन सी पैमाना विधि विकसित की गई ?

(1) युग्म तुलना विधि
(2) योग क्रम विधि
(3) क्रमबद्ध अन्तर्भाव विधि
(4) समान प्रकट अन्तर्भाव विधि

**74.** सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. समकालिक वैधता | 1. कारक विश्लेषण द्वारा सैद्धान्तिक लक्षणों की पुष्टि |
| b. पूर्वानुमानिक वैधता | 2. विषय-वस्तु विशेषज्ञों द्वारा क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व का मूल्यांकन |
| c. संरचना वैधता | 3. भविष्य की कसौटी के साथ प्राप्तांकों का सहसंबंध |
| d. विषय-वस्तु वैधता | 4. वर्तमान उपलब्ध कसौटी के साथ प्राप्तांकों का सहसंबंध |

सही विकल्प चुनिए :

(1) a-4, b-3, c-1, d-2
(2) a-3, b-4, c-2, d-1
(3) a-4, b-3, c-2, d-1
(4) a-1, b-2, c-3, d-4

**75.** मापन की मानक त्रुटि (SEM) का उपयोग किसके लिए होता है ?

(1) परीक्षण की वैधता निर्धारित करना
(2) प्रतिदर्श का माध्य परिकलित करना
(3) उस परिसर का अनुमान लगाना जिसमें किसी व्यक्ति का "वास्तविक प्राप्तांक" संभवत: आता है ।
(4) यादृच्छिक प्रतिदर्श का चयन ।

**76.** कंप्यूटर आधारित मनोवैज्ञानिक परीक्षण (CBT) को कागज-पेंसिल परीक्षणों से अधिक पसंद किया जाता है, मुख्यत:

(1) सटीक समय निर्धारण और स्वचालित, त्रुटि-मुक्त अंकन के लिए
(2) सभी के लिए सस्ता होने के लिए
(3) वैधता जाँच की आवश्यकता न होने के लिए
(4) वृद्धों के लिए आसान होने हेतु

**77.** सेना के सन्दर्भ में मनोवैज्ञानिक परीक्षण में शामिल होता है _______ ।

1. मनोचिकित्सा मूल्यांकन
2. मानसिक और संवेगात्मक विकारों का उपचार
3. परामर्श सेवाएँ प्रदान करना

सही कूट चुनिए :

(1) केवल 1
(2) केवल 2
(3) केवल 3
(4) 1, 2 तथा 3

**78.** The scale which measures the "meaning of meaning" is called _____.

(1) Likert scale (2) Thurstone scale

(3) Attitude scale

(4) Semantic differential scale

**79.** A personality inventory uses a forced-choice format requiring test-takers to rank four statement from "Most like me" to "least like me". This method controls for social desirability but yields what type of data ?

(1) Normative

(2) Criterion-referenced

(3) Ipsative (4) Ratio

**80.** Match List-I with List-II :

| List-I | List-II |
|---|---|
| a. Torrance Test of Creative Thinking (TTCT) | 1. Neuropsychological assessment |
| b. Luria Nebraska Battery | 2. Career Guidance |
| c. NEO Personality Inventory Revised (NEOPI-R) | 3. Divergent Thinking |
| d. Strong Interest Inventory (SII) | 4. Five-Factor Trait Assessment |

**Choose the correct option :**

(1) a-3, b-1, c-4, d-2 (2) a-1, b-3, c-2, d-4

(3) a-3, b-4, c-1, d-2 (4) a-4, b-1, c-3, d-2

**81.** Consider the following statements regarding the Item Characteristic Curve (ICC) in item analysis :

I. The slope of the curve at its steepest point represents item discrimination.

II. The point on the ability axis corresponding to the curve's infection point indicates item difficulty.

III. A completely flat ICC indicates high item validity and excellent discrimination.

IV. The lower asymptote of the curve represents the probability of guessing correctly.

Choose the correct option.

(1) I, II and IV are correct.

(2) I and III are correct.

(3) II, III and IV are correct.

(4) I, II and III are correct.

**78.** "अर्थ के अर्थ" के मापन की स्केल को क्या कहा जाता है ?

(1) लिकर्ट स्केल (2) थर्स्टन स्केल

(3) अभिवृत्ति स्केल

(4) सिमेन्टिक डिफरेन्शियल स्केल

**79.** एक व्यक्तित्व सूची में बाध्य-चयन प्रारूप का उपयोग किया जाता है, जिसमें, परीक्षार्थियों को चार कथनों को "मेरे जैसा सर्वाधिक" से "मेरे जैसा न्यूनतम" तक क्रमबद्ध करना होता है । यह विधि सामाजिक वांछनीयता को नियंत्रित करती है, किन्तु किस प्रकार के आँकड़ें प्रदान करती है ?

(1) मानकीय (2) कसौटी - संदर्भित

(3) आत्म - संदर्भित (4) अनुपातीय

**80.** सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए ।

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. टॉरेंस सृजनात्मक चिंतन परीक्षण (TTCT) | 1. तंत्रिका-मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन |
| b. लूरिया-नेब्रास्का बैटरी | 2. व्यावसायिक निर्देशन |
| c. एन.ई.ओ. व्यक्तित्व सूची-संशोधित (NEOPI-R) | 3. अपसारी चिंतन |
| d. स्ट्रॉन्ग रुचि सूची (SII) | 4. पंच कारक व्यक्तित्व मूल्यांकन |

**सही विकल्प चुनिए :**

(1) a-3, b-1, c-4, d-2 (2) a-1, b-3, c-2, d-4

(3) a-3, b-4, c-1, d-2 (4) a-4, b-1, c-3, d-2

**81.** मद विश्लेषण में मद विशेषता वक्र (ICC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. वक्र के सर्वाधिक तीव्र बिंदु पर उसकी ढाल मद विभेदन को प्रदर्शित करती है ।

II. योग्यता-अक्ष पर वक्र के विभक्ति बिंदु के अनुरूप स्थिति मद कठिनता को इंगित करती है ।

III. पूर्णत: समतल ICC उच्च मद वैधता तथा उत्कृष्ट विभेदन को दर्शाता है ।

IV. वक्र का निम्न विषमासन्न सही अनुमान लगाने की प्रायिकता को दर्शाता है ।

सही विकल्प चुनिए ।

(1) I, II और IV सही हैं । (2) I और III सही हैं ।

(3) II, III और IV सही हैं । (4) I, II और III सही हैं ।

**82.** **Assertion (A) :**A psychological test with a very high Cronbach's alpha may still exhibit poor criterion validity.
**Reason (R) :**Internal consistency reliability reflects the degree of interrelatedness among test items whereas criterion validity concerns the effectiveness of test scores in predicting an external criterion.
Choose the correct option :
(1) Both (A) & (R) are true & (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) & (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true but (R) is false.
(4) (A) is false but (R) is true.

**83.** A defect in vision occurs when the Cornea becomes opaque, and is called _______.
(1) Squint (2) Cataract
(3) Short sightedness (4) Far sightedness

**84.** In which type of scan strong magnetic fields and radio waves are used ?
(1) E.E.G. (2) M.R.I.
(3) P.E.T. (4) E.C.G.

**85.** Name the psychologist who conducted a study of "Wild" children which proved that experience and training is important for Brain to interpret stimulus.
(1) Maslow Abraham
(2) Thorndike Edward Lee
(3) Jung (4) Pavlov Ivam

**86.** What is the function of the occipital lobe of human brain ?
(1) It has centre for vision.
(2) It is responsible for Audition.
(3) It is centre for voluntary motor activities.
(4) It has centre for higher functions like thinking, reasoning etc.

**87.** Turner syndrome is a chromosomal anomaly characterized by :
(1) An extra X chromosome (XXY)
(2) An extra 21st chromosome
(3) A missing X chromosome in females (XO)
(4) An extra Y chromosome (XYY)

**82.** **अभिकथन (A) :**अत्यधिक उच्च क्रोनबैक अल्फा वाला मनोवैज्ञानिक परीक्षण फिर भी निम्न कसौटी वैधता प्रदर्शित कर सकता है ।
**कारण (R) :**आंतरिक संगति विश्र्वसनीयता परीक्षण मदों के परस्पर संबंध की मात्रा को दर्शाता है, जबकि कसौटी वैधता बाह्य कसौटी का पूर्वानुमान करने में परीक्षण प्राप्तांकों की प्रभावशीलता से संबंधित होती है ।
सही विकल्प चुनिए :
(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(2) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(3) (A) सत्य है, किन्तु (R) असत्य है ।
(4) (A) असत्य है, किन्तु (R) सत्य है ।

**83.** जब कोर्निया अपारदर्शी हो जाता है तो दृष्टीयता कम हो जाती है, कहलाता है ______ ।
(1) तिरछापन (2) मोतियाबिन्द
(3) अल्प दृष्टीयता (4) दूर दृष्टीयता

**84.** किस प्रकार की स्कैन में शक्तिशाली चुम्बकीय क्षेत्र और रेडियो तरंगे उपयोग होती हैं ?
(1) ई.ई.जी. (2) एम.आर.आई.
(3) पी.ई.टी. (4) ई.सी.जी.

**85.** उस मनोवैज्ञानिक को नामांकित करें जिसने 'जंगली' बच्चों पर एक अध्ययन कर यह साबित किया कि अनुभव और प्रशिक्षण मस्तिष्क की उत्तेजना को समझने के लिए महत्त्वपूर्ण है ।
(1) मास्लो अब्राहम (2) थॉर्नडाइक एडवर्ड ली
(3) यंग (4) पावलोव इवाम

**86.** मानव मस्तिष्क में पृष्ठपालि की क्या कार्यशैली है ?
(1) यह दृष्टि का केन्द्र है
(2) यह श्रवण के लिए उत्तरदायी है
(3) यह ऐच्छिक गतिक क्रियाओं का केन्द्र है
(4) यह उच्च कार्य जैसे चिन्तन और विचारण का केन्द्र है ।

**87.** टर्नर सिंड्रोम (Turner Syndrome) एक गुणसूत्रीय विसंगति (Chromosomal anomaly) है जो किससे अभिलक्षित होती है ?
(1) एक अतिरिक्त X गुणसूत्र (XXY)
(2) एक अतिरिक्त 21वाँ गुणसूत्र
(3) महिलाओं में एक X गुणसूत्र की अनुपस्थिति (XO)
(4) एक अतिरिक्त Y गुणसूत्र (XYY)

**88.** Match List-I with List-II :

| List-I (Stages of sleep) | List-II (EEG characteristics) |
|---|---|
| a. Stage $N_1$ (NREM-1) | 1. High Amplitude, Low frequency delta waves |
| b. Stage $N_2$ (NREM-2) | 2. Sawtooth waves mixed with muscular atonia. |
| c. Stage $N_3$ (NREM-3) | 3. Low amplitude, mixed frequency Theta waves |
| d. REM sleep | 4. Presence of sleep spindles and k-complexes |

**Choose the correct option :**

(1) a-3, b-4, c-1, d-2 (2) a-4, b-3, c-2, d-1
(3) a-3, b-1, c-4, d-2 (4) a-1, b-4, c-3, d-2

**89.** Which neurotransmitter is primarily synthesized in the Ventral Tegmental Area (VTA) and substantia nigra playing a critical role in both the brain's reward circuitry and motor pathway execution ?

(1) Serotonin (2) Acetylcholine
(3) Dopamine (4) Norepinephrine

**90.** Match List-I with List-II :

| List-I | List-II |
|---|---|
| a. Amydala | 1. Automatic and Endocrine regulation |
| b. Hippocampus | 2. Error detection & conflict monitoring |
| c. Hypothalamus | 3. Threat detection & fear conditioning |
| d. Cingulate Gyrus | 4. Declarative memory consolidation |

**Choose the correct option :**

(1) a-3, b-4, c-1, d-2 (2) a-4, b-3, c-2, d-1
(3) a-3, b-1, c-4, d-2 (4) a-1, b-4, c-2, d-3

**88.** सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए ।

| सूची-I (निद्रा की अवस्थाएँ) | सूची-II (EEG विशेषताएँ) |
|---|---|
| a. अवस्था $N_1$ (NREM-1) | 1. उच्च आयाम, निम्न आवृत्ति डेल्टा तरंगें |
| b. अवस्था $N_2$ (NREM-2) | 2. दंतीयाकार तरंगें तथा पेशीय शैथिल्य |
| c. अवस्था $N_3$ (NREM-3) | 3. निम्न आयाम, मिश्रित आवृत्ति थीटा तरंगें |
| d. REM निद्रा | 4. निद्रा-धुरियाँ एवं k-संकुलों की उपस्थिति |

**सही विकल्प चुनिए :**

(1) a-3, b-4, c-1, d-2 (2) a-4, b-3, c-2, d-1
(3) a-3, b-1, c-4, d-2 (4) a-1, b-4, c-3, d-2

**89.** कौन सा तंत्रिका-संचारक मुख्यत: वेंट्रल टेगमेंटल क्षेत्र (VTA) तथा सब्स्टैशिया नाइग्रा में संश्लेषित होता है और मस्तिष्क की पुरस्कार-प्रणाली तथा गामक मार्गों के संचालन दोनों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है ?

(1) सेरोटोनिन (2) एसीटाइलकोलीन
(3) डोपामीन (4) नॉरएपिनेफ्रिन

**90.** सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए ।

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. अमिगडाला | 1. स्वायत्त एवं अंत: स्रावी नियमन |
| b. हिप्पोकैम्पस | 2. त्रुटि पहचान एवं संघर्ष अनुश्रवण |
| c. हाइपोथैलेमस | 3. खतरे की पहचान एवं भय अनुकूलन |
| d. सिंगुलेट गाइरस | 4. घोषणात्मक स्मृति का समेकन |

**सही विकल्प चुनिए :**

(1) a-3, b-4, c-1, d-2 (2) a-4, b-3, c-2, d-1
(3) a-3, b-1, c-4, d-2 (4) a-1, b-4, c-2, d-3

**91.** Consider the following statements regarding the biological basis of hunger and satiety :
I. Ghrelin is secreted by an empty stomach and stimulates the arcuate nucleus.
II. Bilateral lesions to the Ventromedial Hypothalamus (VMH) typically produce severe aphagia (staruation)
III. Leptin is a long-term satiety signal synthesized and released by adipose tissue.
IV. Electrical stimulation of the lateral hypothalamus (LH) instantly suppresses eating behaviour.
Choose the correct option :
(1) Statements I, II and III are correct.
(2) Statements I and III are correct.
(3) Statements II and IV are correct.
(4) Statements I, III and IV are correct.

**92.** In auditory sensory transduction, the mechanical bending of stereosilia on inner hair cells opens mechanically-gated _______ channels, causing an influx of this ion and subsequent cellular depolarization.
(1) Sodium ($Na^+$) (2) Calcium ($Ca^{2+}$)
(3) Potassium ($K^+$) (4) Chloride ($Cl^-$)

**93.** Who proposed the law of effect ?
(1) Skinner Charles
(2) Thorndike Edward Lee
(3) Guthrie Edwin (4) Hull Clark

**94.** A child learns to fear a dog after being bitten by one. This is an example of :
(1) Operant conditioning
(2) Classical conditioning
(3) Insight learning (4) Latent learning

**95.** A student studies while listening to music and chatting on the phone simultaneously. This best illustrates :
(1) Selective Attention (2) Divided Attention
(3) Sustained Attention
(4) Sensory Memory

**91.** भूख एवं तृप्ति के जैविक आधार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
I. घ्रेलिन रिक्त आमाशय द्वारा स्रावित होता है तथा आर्कुएट केंद्रक को उद्दीप्त करता है ।
II. वेंट्रोमेडियल हाइपोथैलेमस (VMH) में द्विपार्श्वीय क्षति सामान्यत: गंभीर अभक्ष्यता उत्पन्न करती है ।
III. लेप्टिन दीर्घकालिक तृप्ति संकेत है, जिसका संश्लेषण एवं स्राव वसा-ऊतक द्वारा किया जाता है ।
IV. पार्श्व हाइपोथैलेमस (LH) की विद्युत उद्दीपन भोजन व्यवहार को तुरंत दबा देती है ।
सही विकल्प चुनिए :
(1) I, II और III सही हैं । (2) I और III सही हैं ।
(3) II और IV सही हैं । (4) I, III और IV सही हैं ।

**92.** श्रवणीय संवेदी रूपांतरण में आंतरिक केशिक कोशिकाओं के स्टिरियोसिलिया के यांत्रिक झुकाव से यांत्रिक-द्वारयुक्त ______ वाहिकाएँ खुल जाती है, जिससे इस आयन का अंतर्वाह होता है तथा तत्पश्चात कोशिकीय विध्रुवण होता है ।
(1) सोडियम ($Na^+$) (2) कैल्सियम ($Ca^{2+}$ )
(3) पोटैशियम ($K^+$) (4) क्लोराइड $Cl^-$

**93.** प्रभाव का नियम किसने दिया ?
(1) स्किनर चार्ल्स (2) थॉर्नडाइक एडवर्ड ली
(3) गुथरी एडविन (4) हल क्लार्क

**94.** एक बच्चे को कुत्ते के काटने के बाद कुत्तों से डर लगने लगता है, यह किसका उदाहरण है ?
(1) क्रियाप्रसूत अनुकूलन (2) प्राचीन अनुबंधन
(3) अंतर्दृष्टि अधिगम (4) गुप्त अधिगम

**95.** एक छात्र संगीत सुनते हुए और फोन पर बात करते हुए पढ़ाई करता है । यह किसका उदाहरण है ?
(1) चयनात्मक ध्यान (2) विभाजित ध्यान
(3) सतत् ध्यान (4) संवेदी स्मृति

**96.** **Assertion (A) :** Working memory is more active than short-term memory.
**Reason (R) :** Working memory not only stores information but also manipulates it.

(1) Both (A) & (R) are true & (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) & (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true but (R) is false.
(4) (A) is false but (R) is true.

**97.** Which one of the following is the correct sequence involved in the memory process ?

(1) Retrieval, Recognition, Learning & Retention
(2) Learning, Retention, Recognition & Retrieval
(3) Learning, Retention, Retrieval & Recognition
(4) Recognition, Learning, Retention & Retrieval

**98.** According to James J. Gibson's Ecological perspective on perception, objects and surfaces in the environment directly communicate specific action possibilities to the observer without the need for higher cognitive processing a concept termed _______.

(1) Perceptual sets
(2) Figure-ground segregation
(3) Affordances
(4) Feature detectors

**99.** A person watching a friend walk away does not perceive the friend as shrinking, despite a progressively smaller retinal image. This phenomenon is best explained by

(1) Closure
(2) Relative Disparity
(3) Size Constancy
(4) Motion Parallex

**96.** **कथन (A) :**कार्यशील स्मृति, अल्पकालिक स्मृति से अधिक सक्रिय होती है।
**कारण (R) :**कार्यशील स्मृति सूचना को केवल संगृहीत नहीं करती बल्कि उसका संज्ञापन भी करती है।

(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(2) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(3) (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है।
(4) (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है।

**97.** निम्न में से स्मरण प्रक्रिया में निहित कौन सी सही क्रमबद्धता है ?

(1) पुन:प्राप्ति, पहचान, अधिगम और धारण
(2) अधिगम, धारण, पहचान और पुन:प्राप्ति
(3) अधिगम, धारण, पुन:प्राप्ति और पहचान
(4) पहचान, अधिगम, धारण और पुन:प्राप्ति

**98.** जेम्स जे. गिब्सन के पारिस्थितिक प्रत्यक्षण दृष्टिकोण के अनुसार पर्यावरण में वस्तुएँ एवं सतहें प्रेक्षक को प्रत्यक्ष रूप से बिना किसी उच्च बोधात्मक प्रक्रम के विशिष्ट क्रिया संभावनाओं का संकेत देती है। इस अवधारणा को क्या कहा जाता है ?

(1) प्रत्यक्षणात्मक विन्यास
(2) आकृति-पृष्ठभूमि पृथक्करण
(3) क्रिया संभावनाएँ
(4) विशेषता संसूचक

**99.** कोई व्यक्ति अपने मित्र को दूर जाते हुए देखता है, फिर भी उसे मित्र सिकुड़ता हुआ प्रतीत नहीं होता, जबकि रेटिना पर बनने वाला प्रतिबिंब क्रमश: छोटा होता जाता है। यह घटना किसके द्वारा सर्वाधिक अच्छी तरह समझाई जाती है ?

(1) पूर्णता
(2) सापेक्ष असमानता
(3) आकार स्थिरता
(4) गति लंबन

**100.** Match List-I with List-II :

| List-I (Reinforcement Schedules) | List-II (Character Response Patterns) |
|---|---|
| a. Fixed-Ratio (FR) | 1. Steady, moderate response rate with no prominent post-reinforcement pause. |
| b. Variable-Ratio (VR) | 2. High and steady response rate with a brief post-reinforcement pause. |
| c. Fixed-Internal (FI) | 3. Scalloped response pattern, responding sharply increases as the schedule time approaches. |
| d. Variable-Internal (VI) | 4. Very high, consistent response rate displaying the highest resistance to activiction. |

Choose the correct option :

(1) a-4, b-2, c-1, d-3
(2) a-2, b-4, c-3, d-1
(3) a-2, b-1, c-4, d-3
(4) a-3, b-4, c-2, d-1

**101.** A child begins imitating an aggressive behaviour after observing another child receive praise for the same behaviour. Bandura would describe this as :

(1) Secondary Reinforcement
(2) Latent Learning
(3) Vicarious Reinforcement
(4) Response Generalization

**102.** Identify the correct statements regarding the specific sub systems of human memory.
I. Sensory memory has a very large capacity but retains information only briefly.
II. Semantic memory is declarative and stores general factual knowledge.
III. Episodic memory involves conscious recall of personal experiences.
IV. Procedual memory depends on conscious retrieval of motor skills.
Options :

(1) I, II and III are correct
(2) I and III are correct.
(3) II, III and IV are correct.
(4) I and IV are correct.

**100.** सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए ।

| सूची-I (प्रबलन अनुसूचियाँ) | सूची-II (विशिष्ट अनुक्रिया प्रतिरूप) |
|---|---|
| a. स्थिर-अनुपात (FR) | 1. स्थिर, मध्यम अनुक्रिया दर प्रबलन के बाद कोई स्पष्ट विराम नहीं। |
| b. परिवर्ती-अनुपात (VR) | 2. उच्च एवं स्थिर अनुक्रिया दर प्रबलन के बाद अल्प विराम। |
| c. स्थिर-अंतराल (FI) | 3. सीपाकार प्रतिरूप; निर्धारित समय निकट आने पर अनुक्रिया तीव्र हो जाती है। |
| d. परिवर्ती-अंतराल (VI) | 4. अत्यधिक उच्च एवं स्थिर अनुक्रिया दर, विलोपन के प्रति सर्वाधिक प्रतिरोध। |

सही विकल्प चुनिए :

(1) a-4, b-2, c-1, d-3
(2) a-2, b-4, c-3, d-1
(3) a-2, b-1, c-4, d-3
(4) a-3, b-4, c-2, d-1

**101.** एक बालक किसी अन्य बालक को आक्रामक व्यवहार के लिए प्रशंसा प्राप्त करते हुए देखकर स्वयं भी वही व्यवहार करने लगता है । बंडूरा इसे क्या कहेंगे ?

(1) द्वितीयक प्रबलन
(2) गुप्त अधिगम
(3) प्रतिनिधिक प्रबलन
(4) अनुक्रिया सामान्यीकरण

**102.** मानव स्मृति के विशिष्ट उप-प्रणालियों से संबंधित सही कथन को पहचानिए ।
I. संवेदी स्मृति की क्षमता अत्यंत व्यापक होती है, किन्तु यह सूचना को केवल अत्यल्प अवधि तक ही संरक्षित रखती है ।
II. आर्थी स्मृति घोषणात्मक है तथा इसमें सामान्य तथ्यात्मक ज्ञान का भंडारण होता है ।
III. प्रासंगिक स्मृति में व्यक्तिगत अनुभवों का सचेत स्मरण सम्मिलित है ।
IV. प्रक्रियात्मक स्मृति गामक कौशलों की निष्पादन हेतु सचेत पुनर्प्राप्ति पर निर्भर करती है ।
विकल्प :

(1) I, II एवं III सही हैं ।
(2) केवल I एवं III सही हैं ।
(3) II, III एवं IV सही हैं ।
(4) I एवं IV सही हैं ।

**103.** Arrange the steps of problem solving in correct order :
a. Preparation
b. Verification
c. Illumination
d. Incubation

(1) a, b, c, d
(2) a, d, b, c
(3) a, d, c, b
(4) a, b, d, c

**104.** Which of the following are obstacles to problem solving ?
a. Mental set
b. Functional fixedness
c. Confirmation bias
d. Divergent Thinking

(1) a, b, c only
(2) a and d only
(3) b and c only
(4) All of these

**105.** **Assertion (A) :** Gardner proposed that individuals may display exceptional ability in one domain while showing average in another.
**Reason (R) :** Gardner viewed intelligence as a set of relatively independent capacities rather than manifestations of a single general factor.
Choose the correct option :

(1) Both (A) & (R) are true & (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) & (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true but (R) is false.
(4) (A) is false but (R) is true.

**106.** Tolman argued that rats form internal representations of their environment known as _______ a conception of the Maze's layout.

(1) Response Hierarchies
(2) Cognitive Maps
(3) Drive Gradients
(4) Latent Schemas

**103.** समस्या समाधान के चरणों को सही क्रम में व्यवस्थित करें ।
a. तैयारी
b. पुष्टिकरण
c. इलुमिनेशन
d. इनक्यूबेशन

(1) a, b, c, d
(2) a, d, b, c
(3) a, d, c, b
(4) a, b, d, c

**104.** समस्या समाधान में निम्नलिखित में कौन सी बाधाएँ हैं ?
a. मानसिक स्थिति अभिवृत्ति
b. कार्यात्मक स्थिरता
c. पुष्टिकरण पूर्वाग्रह
d. अपसारी चिंतन

(1) केवल a, b, c
(2) केवल a और d
(3) केवल b और c
(4) यह सभी

**105.** **अभिकथन (A) :**गार्डनर के अनुसार व्यक्ति एक क्षेत्र में असाधारण क्षमता तथा दूसरे क्षेत्र में औसत प्रदर्शित कर सकता है ।
**कारण (R) :**गार्डनर ने बुद्धि को एक सामान्य कारक की अभिव्यक्ति न मानकर अपेक्षाकृत स्वतंत्र क्षमताओं के समूह के रूप में देखा ।
सही विकल्प चुनिए :

(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(2) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(3) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है ।
(4) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है ।

**106.** टॉलमैन के अनुसार चूहे अपने पर्यावरण का एक आंतरिक निरूपण निर्मित करते हैं, जिसे भूलभुलैया की संरचना के मानसिक प्रतिरूप के रूप में ______ कहा जाता है ।

(1) अनुक्रिया पदानुक्रम
(2) संज्ञानात्मक मानचित्र
(3) चालक प्रवणताएँ
(4) गुप्त रूपरेखाएँ

107. **Assertion (A) :** Retrieval cues can substantially improve memory performance even when the stored information is not immediately accessible.

**Reason (R) :** Retrieval cues are most effective when they reduce the overlap between encoding & retrieval conditions.

Choose the correct option :

(1) Both (A) & (R) are true & (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) & (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true but (R) is false.

(4) (A) is false but (R) is true.

108. Identify the correct statements :

I. Natural concepts are typically organized around prototypes rather than strict defining features.

II. Members of a category may vary in their degree of representativeness of the category.

III. Prototype approach says, every category member must possess all defining attributes of the concept.

IV. Category judgements are often made by comparing an object with a typical category member.

Choose the correct option.

(1) I and II only

(2) I, II and IV only

(3) II and III only

(4) I, III and IV only

109. Consider the following statements regarding heuristics in decision making :

I. Representativeness heuristic involves judging likelihood based on similarity to a prototype.

II. Availability heuristic involves judging likelihood based on case of recall.

III. Anchoring and adjustment eliminates the influence of initial information when making estimates.

IV. Bounded rationality assumes that human always make optimal decisions.

Choose the correct option :

(1) I and II are correct.

(2) I, II and III are correct.

(3) II and IV are correct.

(4) I, III and IV are correct.

107. **अभिकथन (A) :**पुनर्प्राप्ति संकेत निष्पादन में उल्लेखनीय सुधार ला सकता है, भले ही संगृहीत सूचना तत्काल उपलब्ध ना हो ।

**कारण (R) :**पुनर्प्राप्ति संकेत तब सर्वाधिक प्रभावी होते हैं जब वे संकेतन एवं पुनर्प्राप्ति परिस्थितियों के मध्य अतिव्यापन को कम कर देते हैं ।

सही विकल्प चुनिए :

(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(3) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है ।

(4) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है ।

108. सही कथनों की पहचान कीजिए :

I. प्राकृतिक अवधारणाएँ सामान्यत: कठोर परिभाषात्मक विशेषताओं के स्थान पर आदर्श प्रतिरूपों के इर्द-गिर्द संगठित होती है ।

II. किसी वर्ग के सदस्य उस वर्ग का प्रतिनिधित्व करने की मात्रा में भिन्न हो सकते हैं ।

III. प्रतिरूप उपागम के अनुसार प्रत्येक सदस्य में अवधारणा की सभी परिभाषात्मक विशेषताएँ होना आवश्यक है ।

IV. वर्गीकरण संबंधी निर्णय प्राय: किसी वस्तु की तुलना वर्ग के एक विशिष्ट सदस्य से करके किए जाते हैं ।

सही विकल्प चुनिए :

(1) केवल I एवं II

(2) केवल I, II एवं IV

(3) केवल II एवं III

(4) केवल I, III एवं IV

109. निर्णयन में अनुमानी विधियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. प्रतिनिधित्व अनुमानी में संभावना का निर्णय किसी प्रतिरूप से समानता के आधार पर किया जाता है ।

II. उपलब्धता अनुमानी में संभावना का निर्णय स्मरण की सुगमता के आधार पर किया जाता है ।

III. अनुमान लगाने के समय आधारबिंदु एवं समायोजन प्रारंभिक सूचना के प्रभाव को समाप्त कर देता है ।

IV. सीमित तर्कसंगतता यह मानती है कि मनुष्य सदैव सर्वोत्तम निर्णय लेता है ।

सही विकल्प चुनिए :

(1) I एवं II सही हैं ।

(2) I, II एवं III सही हैं ।

(3) II एवं IV सही हैं ।

(4) I, III एवं IV सही हैं ।

**110.** **Assertion (A) :** The strong Sapir-Whorf hypothesis states that language determines thought.
**Reason (R) :** People whose language lacks names for certain colour shades cannot perceive those differences.
Choose the correct option :
(1) Both (A) & (R) are true & (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) & (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true but (R) is false.
(4) (A) is false but (R) is true.

**111.** According to Mihaly Csikszentmihalyi, the optimal psychological state of "Flow" is achieved when a person's perceived level of skill is perfectly balanced with ______ of the task they are performing.
(1) Extrinsic Reward
(2) Perceived Challenge
(3) Social Significance
(4) Time Constraint

**112.** The components of stress and coping includes :
1. Appraisal
2. Emotions
3. Coping
**Codes :**
(1) only 1 & 2
(2) only 2
(3) only 1 & 3
(4) 1, 2 & 3

**113.** Which of the following are recognized stress-management techniques ?
a. Progressive Muscular Relaxation
b. Mindfulness Meditation
c. Stress inoculation training
d. Biofeedback
(1) a, b, c
(2) a, b, d
(3) a, b, c, d
(4) b & c only

**110.** **कथन (A) :**सपीर-व्हॉर्फ परिकल्पना के प्रबल रूप के अनुसार भाषा विचारों को निर्धारित करती है ।
**कारण (R) :**जिन लोगों की भाषा में कुछ रंगों के लिए अलग नाम नहीं होते वे उन रंग-अंतर को नहीं पहचान सकते ।
सही विकल्प चुनिए :
(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(2) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(3) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है ।
(4) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है ।

**111.** मिहाई चिक्सेंटमिहाई के अनुसार, "प्रवाह" की आदर्श मनोवैज्ञानिक अवस्था तब प्राप्त होती है जब व्यक्ति के कौशल का प्रत्यक्षित स्तर कार्य ______ के साथ संतुलित हो ।
(1) बाह्य पुरस्कार
(2) प्रत्यक्षित चुनौती
(3) सामाजिक महत्त्व
(4) समय-सीमा

**112.** दबाव और अहसास के तत्त्व हैं :
1. मूल्यांकन
2. संवेग
3. अहसास
**कूट :**
(1) केवल 1 और 2
(2) केवल 2
(3) केवल 1 और 3
(4) 1, 2 एवं 3

**113.** निम्नलिखित में से कौन सी तनाव प्रबंधन तकनीके हैं ?
a. क्रमिक मांसपेशीय शिथिलीकरण
b. संचेतन ध्यान
c. तनाव प्रतिरक्षण प्रशिक्षण
d. बायोफीडबैक
(1) a, b, c
(2) a, b, d
(3) a, b, c, d
(4) केवल b और c

**114.** Which are the major needs proposed by Mc Clelland ?
a. Achievement
b. Affiliation
c. Power
d. Self-actualization

(1) a, b, c
(2) a and d
(3) b and c
(4) Only a

**115.** Who said “A need is an organic state of deficiency or excess” ?

(1) Baron Byrne & Kntowitz 1980
(2) Woodworth & Schlosberg 1954
(3) William & Witting 1984
(4) Morgan & King 1986

**116.** After solving six water - jar problems using the same formula, a participant keeps using the old formula on later items even though a shorter solution now exists. What best explains the failure ?

(1) Incubation
(2) Functional fixedness
(3) Mental set
(4) Analogical transfer

**117.** Which personality type is theoretically conceptualized as highly co-operative, unassertive and prove to suppressing negative emotions, which researches has hypothesized may increase vulnerability to immune system suppression and cancer ?

(1) Type A
(2) Type B
(3) Type C
(4) Type D

**114.** मैक्लीलैंड द्वारा प्रस्तावित प्रमुख आवश्यकताएँ कौन सी हैं ?
a. उपलब्धि
b. संबद्धता
c. शक्ति
d. आत्म-साक्षात्कार

(1) a, b, c
(2) a और d
(3) b और c
(4) केवल a

**115.** किसने कहा ?
“कमी या अति की शारीरिक अवस्था को आवश्यकता कहा जाता है ।”

(1) बैरन बायर और नोटविज 1980
(2) वुडवर्थ & स्लोसबर्ग 1954
(3) विलियम एवं विटिंग 1984
(4) मोरगन एवं किंग 1986

**116.** एक प्रतिभागी छह जल-पात्र समस्याओं को एक ही सूत्र से हल करने के बाद की समस्याओं में भी उसी पुराने सूत्र का प्रयोग करता रहता है, जबकि अब एक अधिक सरल समाधान उपलब्ध है । इस विफलता की सर्वाधिक उपयुक्त व्याख्या क्या है ?

(1) ऊष्मायन
(2) प्रकार्यात्मक स्थिरता
(3) मानसिक अभिवृत्ति
(4) सादृश्यात्मक अंतरण

**117.** कौन सा व्यक्तित्व प्रकार अत्यधिक सहयोगी अनाक्रामक तथा नकारात्मक संवेगों के दमन की प्रवृत्ति वाला माना जाता है, जिसके बारे में यह परिकल्पना की गई है कि इससे प्रतिरक्षा दमन एवं कैंसर की संवेदनशीलता बढ़ सकती है ?

(1) प्रकार A
(2) प्रकार B
(3) प्रकार C
(4) प्रकार D

**118.** **Assertion (A) :** Marwin Zuckerman proposed that high sensation seekers need more novel and complex stimulation to achieve optimal arousal.

**Reason (R) :** High sensation seekers are believed to have lower baseline physiological arousal, leading them to seek thrilling experiences.

Choose the correct option :

(1) Both (A) & (R) are true & (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) & (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true but (R) is false.
(4) (A) is false but (R) is true.

**119.** Match List-I with List-II :

| List-I (Theories of emotion) | List-II (Core Propositions) |
|---|---|
| a. James-Lange Theory | 1. Cognitive appraisal precedes emotional and physiological responses. |
| b. Cannon-Bard Theory | 2. Emotion and Physiological arousal occur simultaneously. |
| c. Schachter-Singer Theory | 3. Emotion results from perceiving bodily changes. |
| d. Lazarus's Cognitive Mediational Theory | 4. Emotion depends on arousal plus cognitive labelling. |

**Choose the correct option :**

(1) a-3, b-2, c-4, d-1
(2) a-2, b-3, c-1, d-4
(3) a-3, b-4, c-2, d-1
(4) a-4, b-2, c-3, d-1

**120.** **Assertion (A) :** : Rotter maintained that reinforcement does not influence behaviour in exactly the same way for all individuals.

**Reason (R) :** The subjective value attached to a reinforcement varies from person to person.

Choose the correct option :

(1) Both (A) & (R) are true & (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) & (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true but (R) is false.
(4) (A) is false but (R) is true.

**118.** **अभिकथन (A) :**मार्विन ज़करमैन के अनुसार, उच्च संवेदना-अन्वेषी व्यक्तियों को इष्टतम उद्दीपन स्तर प्राप्त करने के लिए अधिक नवीन एवं जटिल उद्दीपनों की आवश्यकता होती है ।

**कारण (R) :**माना जाता है कि उच्च संवेदना-अन्वेषी व्यक्तियों का आधारभूत शारीरिक उद्दीपन स्तर कम होता है, इसलिए वे रोमांचक अनुभवों की खोज करते हैं ।

सही विकल्प चुनिए :

(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(2) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(3) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है ।
(4) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है ।

**119.** सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए ।

| सूची-I (संवेग के सिद्धांत) | सूची-II (मूल प्रतिपादन) |
|---|---|
| a. जेम्स-लैंग सिद्धांत | 1. संज्ञानात्मक मूल्यांकन संवेग एवं शारीरिक प्रतिक्रिया से पूर्व होता है। |
| b. कैनन-ब्राड सिद्धांत | 2. संवेग एवं शारीरिक उद्दीपन एक साथ घटित होते हैं। |
| c. शेक्टर-सिंगर सिद्धांत | 3. शारीरिक परिवर्तनों के प्रत्यक्षण से संवेग उत्पन्न होते हैं। |
| d. लाज़रस का संज्ञानात्मक मध्यस्थता सिद्धांत | 4. संवेग उद्दीपन एवं संज्ञानात्मक नामांकन दोनों पर निर्भर करता है। |

**सही विकल्प चुनिए :**

(1) a-3, b-2, c-4, d-1
(2) a-2, b-3, c-1, d-4
(3) a-3, b-4, c-2, d-1
(4) a-4, b-2, c-3, d-1

**120.** **अभिकथन (A) :**रॉटर के अनुसार प्रबलन सभी व्यक्तियों के व्यवहार को एकसमान ढंग से प्रभावित नहीं करता ।

**कारण (R) :**किसी प्रबलन से संबंद्ध व्यक्तिनिष्ठ मूल्य व्यक्ति-विशेष के अनुसार भिन्न होता है ।

सही विकल्प चुनिए :

(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(2) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(3) (A) सत्य है, किन्तु (R) असत्य है ।
(4) (A) असत्य है, किन्तु (R) सत्य है ।

**121.** Match the following :

| List-I (Concept) | List-II (Theorist) |
|---|---|
| 1. Shaping & Chaining | a. Tolman |
| 2. Law of effect | b. Skinner |
| 3. Cognitive map | c. Bandura |
| 4. Modelling | d. Thorndike |

**Code :**

(1) a-1, b-3, c-4, d-2
(2) a-2, b-3, c-1, d-4
(3) a-2, b-4, c-1, d-3
(4) a-3, b-4, c-2, d-1

**122.** Parents are powerful models of behaviour. They are most effective in getting their children to imitate them if

(1) Their words and actions are consistent.
(2) They have outgoing personality.
(3) One parent work and other stays at home to care children.
(4) They carefully explain which behaviour is acceptable in adult but not in children.

**123.** What is Cognitive Dissonance ?

(1) Conformity with opinion
(2) Two cognitive elements of only attitude are suffering against logically each other
(3) Two cognitive elements are same to each other
(4) None of these

**124.** Social Influence is _______.

(1) Being influenced by other.
(2) The influence of society on us.
(3) Influencing how society operates and determine how it will operate in the future.
(4) The efforts on the part of one person to alter the behaviour or attitude of others.

**125.** Stanley Milgram's shock experiment is primarily related to which of the following ?

(1) Deindividuation
(2) Group polarization
(3) Domino effect
(4) Obedience

**121.** निम्न को समतुल्य करें :

| सूची-I (प्रत्यय) | सूची-II (सिद्धान्तदाता) |
|---|---|
| 1. शेपिंग एवं चैनिंग | a. टॉलमैन |
| 2. प्रभाव का नियम | b. स्कीनर |
| 3. संज्ञानात्मक नक्शा | c. बन्डुरा |
| 4. मॉडलिंग | d. थॉर्नडाइक |

**संकेत :**

(1) a-1, b-3, c-4, d-2
(2) a-2, b-3, c-1, d-4
(3) a-2, b-4, c-1, d-3
(4) a-3, b-4, c-2, d-1

**122.** माता-पिता व्यवहार के शक्तिशाली स्वरूप हैं । वे तब बहुत प्रभावशाली होते हैं जब बच्चे उनका अनुपालन करते हैं अगर

(1) उनके शब्द और कार्यशैली स्थिर हो
(2) उनका प्रभावशाली व्यक्तित्व हो
(3) एक अभिभावक काम करें और दूसरा बच्चों को संभालने के लिए घर पर रहें
(4) वे सजगतापूर्वक यह समझायें कि यह व्यवहार प्रौढ़ों में तो स्वीकार है पर बच्चों में नहीं ।

**123.** संज्ञानात्मक विरोधाभास क्या है ?

(1) राय का समर्थन
(2) किसी अभिवृत्ति की वह स्थिति जिसमें दो संज्ञानात्मक तत्त्व तार्किक दृष्टि से विरोधात्मक होते हैं ।
(3) दो संज्ञानात्मक तत्त्व एक दूसरे के समान हैं ।
(4) इनमें से कोई नहीं

**124.** सामाजिक प्रभाव है ______

(1) दूसरों से प्रभावित होना
(2) समाज का हमारे ऊपर प्रभाव
(3) समाज कैसे संचालित होता है और यह निर्धारित करना कि भविष्य में कैसे संचालित होगा
(4) एक व्यक्ति द्वारा यह प्रयास करना कि वह दूसरे के व्यवहार या अभिवृत्तियों को बदले

**125.** स्टेनली मिलग्राम का शॉक प्रयोग मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?

(1) अनामिकता
(2) समूह ध्रुवीकरण
(3) डोमिनो प्रभाव
(4) आज्ञाकारिता

**126.** A speaker is persuasive mainly because she is seen as attractive and credible, while the audience gives little careful attention to the argument itself. This is most consistent with :

(1) the central route to persuasion

(2) the peripheral route to persuasion

(3) Psychological reactance

(4) social loafing

**126.** एक वक्ता मुख्यत: इसलिए प्रभावशाली प्रतीत होती है क्योंकि उसे आकर्षक एवं विश्र्वसनीय माना जाता है, जबकि श्रोता उसके तर्कों पर विशेष ध्यान नहीं देते । यह किसके साथ सर्वाधिक संगत है ?

(1) अनुनयन का केंद्रीय मार्ग

(2) अनुनयन का परिधीय मार्ग

(3) मनोवैज्ञानिक प्रतिरोध

(4) सामाजिक शैथिल्य

**127.** A manager overemphasizes internal causes and underestimates external determinants when explaining an employee's workplace failure. This tendency is best described as –

(1) Belief perseverance

(2) Fundamental attribution error

(3) Illusory correlation

(4) False - consensus effect

**127.** कोई प्रबंधक किसी कर्मचारी की कार्यस्थल पर असफलता की व्याख्या करते समय आंतरिक कारणों को अत्यधिक महत्त्व देता है तथा बाह्य परिस्थितियों की भूमिका को कम आँकता है । यह प्रवृत्ति किस नाम से जानी जाती है ?

(1) विश्वास स्थायित्व

(2) मूलभूत आरोपण त्रुटि

(3) मायावी सहसंबंध

(4) मिथ्या – सहमति प्रभाव

**128.** **Assertion (A) :** : Highly cohesive groups may make defective decisions even when members are strongly committed to the group.
**Reason (R) :** Groupthink occurs when the desire for unanimity overrides the motivation to realistically appraise alternative courses of action.
Choose the correct option :

(1) Both (A) & (R) are true & (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) & (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true but (R) is false.

(4) (A) is false but (R) is true.

**128.** **अभिकथन (A) :**अत्यधिक सुसंबद्ध समूह सदस्यों की समूह के प्रति प्रबल प्रतिबद्धता होने पर भी, दोषपूर्ण निर्णय ले सकते हैं ।
**कारण (R) :**समूहचिंतन तब उत्पन्न होता है जब सर्वसम्मति की इच्छा वैकल्पिक पद्धतियों के यथार्थवादी मूल्यांकन की प्रेरणा पर हावी हो जाती है ।
सही विकल्प चुनिए :

(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(3) (A) सत्य है, (R) असत्य है ।

(4) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है ।

**129.** The tendency for helping to decrease as the number of passive observers increase is known as

(1) Audience Inhibition

(2) Diffusion of responsibility

(3) Bystander effect

(4) Pluralistic ignorance

**129.** निष्क्रिय दर्शकों की संख्या बढ़ने पर सहायता करने की प्रवृत्ति में कमी को क्या कहा जाता है ?

(1) दर्शक अवरोध

(2) उत्तरदायित्व का प्रसरण

(3) दर्शक प्रभाव

(4) बहुलवादी अज्ञानता

**130.** In Milgram's framework, the participant's tendency to see himself as merely the instrument of the experimenter reflects the ______ state.

(1) Autonomous

(2) Agentic

(3) Affiliative

(4) Normative

**130.** मिलग्राम के प्रतिपादन के अनुसार, प्रतिभागी का स्वयं को केवल प्रयोगकर्ता का एक साधन मानना किस अवस्था को दर्शाता है ?

(1) स्वायत्त

(2) अभिकर्ता

(3) संबद्धता

(4) मानकात्मक

131. Dialectical Behaviour Therapy (DBT) was originally developed for :

(1) Obsessive Compulsive Disorder
(2) Depression
(3) Borderline personality disorders
(4) Phobia

132. A student believes, "If I do not secure the highest marks, I am a failure". The counseller helps him to identify and challenge this irrational belief. Which therapy is being used ?

(1) Psychoanalysis
(2) Rational emotive behaviour therapy
(3) Play therapy
(4) Family therapy

133. Acceptance and Commitment Therapy (ACT) primarily aims to increase :

(1) Thought suppression
(2) Psychological Flexibility
(3) Dream Analysis
(4) Defence Mechanism

134. In Mental Status Examinaton (MSE), orientation refers to awareness of :

(1) Memory only
(2) Time, Place and Person
(3) Intelligence only
(4) Mood only

135. Piaget believed that moral development primarily emerges through

(1) Punishment
(2) Peer Interaction
(3) Heredity
(4) Rewards

131. डायलेक्टिकल बिहेवियर थेरैपी (DBT) मूल रूप से किस विकार के लिए विकसित की गई थी ?

(1) ऑब्सेसिव कम्पल्सिव डिसऑर्डर
(2) अवसाद
(3) बॉर्डर लाइन व्यक्तित्व विकार
(4) भय विकार

132. एक छात्र सोचता है "यदि मुझे सबसे अच्छे अंक नहीं मिले तो मैं असफल हूँ।" काउंसलर उसकी इस अवास्तविक सोच को पहचानने और चुनौती देने में सहायता करता है। कौन सी थेरैपी प्रयुक्त हो रही है ?

(1) मनोविश्लेषण
(2) तर्कसंगत भावात्मक व्यवहार चिकित्सा
(3) खेल चिकित्सा
(4) पारिवारिक चिकित्सा

133. एक्सेप्टेंस एंड कमिटमेंट थेरैपी (ACT) का मुख्य उद्देश्य क्या बढ़ाना है ?

(1) विचारों का दमन
(2) मनोवैज्ञानिक लचीलापन
(3) स्वप्न विश्लेषण
(4) रक्षा तंत्र

134. मानसिक स्थिति परीक्षण में ओरिएंटेशन (Orientation) का सम्बन्ध किसकी जानकारी से है ?

(1) केवल स्मृति
(2) समय, स्थान एवं व्यक्ति
(3) केवल बुद्धि
(4) केवल मनोदशा

135. पियाजे के अनुसार, नैतिक विकास मुख्यत: किसके माध्यम से विकसित होता है ?

(1) दंड
(2) साथियों के साथ सामाजिक अंत:क्रिया
(3) आनुवंशिकता
(4) पुरस्कार

**136.** **Assertion (A) :** : Structural Family Therapy emphasizes action over insight in order to reorganize the family into a more functional unit.

**Reason (R) :** Structural Family Therapy seeks to modify outdated family rules and strengthen distinctions between family subsystems.

Choose the correct option :

(1) Both (A) & (R) are true & (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) & (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true but (R) is false.

(4) (A) is false but (R) is true.

**137.** According to Piaget the emergence of object permanance is most closely associated with :

(1) Sensorimotor stage

(2) Preoperational stage

(3) Concrete operational stage

(4) Formal operational stage

**138.** Match List-I with List-II :

| List-I | List-II |
|---|---|
| a. Trust Vs. Mistrust | 1. Adolescence |
| b. Identity Vs. Role confusion | 2. Infancy |
| c. Generativity Vs. Stagnation | 3. Middle Adulthood |
| d. Integrity Vs. Despair | 4. Late Adulthood |

**Choose the correct option :**

(1) a-2, b-1, c-3, d-4

(2) a-1, b-2, c-4, d-3

(3) a-2, b-3, c-1, d-4

(4) a-4, b-1, c-2, d-3

**139.** Which set best reflects the classsical goals of existential counselling ?

(1) Symptom elimination and reinforcement control

(2) Insight into childhood conflicts only

(3) Meaning, authenticity, freedom and responsibility

(4) Unconditional positive regard and empathy alone

**136.** **अभिकथन (A) :**संरचनात्मक पारिवारिक चिकित्सा परिवार को अधिक कार्यात्मक इकाई के रूप में पुनर्गठित करने हेतु अंतर्दृष्टि की अपेक्षा क्रिया पर अधिक बल देती है ।

**कारण (R) :**संरचनात्मक पारिवारिक चिकित्सा का उद्देश्य पुरानी पारिवारिक नियमावली में परिवर्तन करना तथा पारिवारिक उपतंत्रों के बीच सीमाओं को सुदृढ़ करना है ।

सही विकल्प चुनिए :

(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(3) (A) सत्य है, किन्तु (R) असत्य है ।

(4) (A) असत्य है, किन्तु (R) सत्य है ।

**137.** पियाजे के अनुसार, वस्तु स्थायित्व का उद्भव किस अवस्था से सर्वाधिक निकटता से संबंधित है ?

(1) संवेदी-गामक अवस्था

(2) पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था

(3) मूर्त-संक्रियात्मक अवस्था

(4) औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था

**138.** सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए ।

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. विश्वास बनाम अविश्वास | 1. किशोरावस्था |
| b. पहचान बनाम भूमिका भ्रांति | 2. शैशवास्था |
| c. उत्पादकता बनाम ठहराव | 3. मध्य प्रौढ़ावस्था |
| d. अखंडता बनाम निराशा | 4. उत्तर प्रौढ़ावस्था |

**सही विकल्प चुनिए :**

(1) a-2, b-1, c-3, d-4

(2) a-1, b-2, c-4, d-3

(3) a-2, b-3, c-1, d-4

(4) a-4, b-1, c-2, d-3

**139.** निम्नलिखित में से कौन सा समूह अस्तित्ववादी परामर्श के शास्त्रीय लक्ष्यों को सर्वोत्तम रूप से प्रतिबिंबित करता है ?

(1) लक्षणों का उन्मूलन एवं प्रबलन नियंत्रण

(2) केवल बाल्यकालीन संघर्षों की अंतर्दृष्टि

(3) अर्थ, प्रामाणिकता, स्वतंत्रता एवं उत्तरदायित्व

(4) केवल बिना शर्त सकारात्मक सम्मान एवं सहानुभूति

**140.** A counsellor responds to a client by restating the client's meaning without adding interpretations or judgement. Which person-centered response is this most specifically ?

(1) Congruence
(2) Unconditional Positive Regard
(3) Reflection
(4) Empathy

**141.** Resilience is best defined as :

(1) Complete Avoidance of stress
(2) Ability to recover and Adapt After Adversity
(3) High Intelligence
(4) Physical Strength

**142.** Cultural bias in psychological assessment may result in :

(1) Greater accuracy
(2) Better validity
(3) Discrimination and Misinterpretation
(4) Fair Judgement

**143.** Psychoneuroimmunology studies the interaction among :

(1) Brain, behaviour and immunal system
(2) Hormones and Personality
(3) Intelligence and Learning
(4) Nutrition and Memory

**144.** Eudaimonic well-being emphasizes :

(1) Pleasure and Happiness
(2) Material Wealth
(3) Meaning of life and Self-realization
(4) Social Status

**145.** Post-Traumatic growth refers to

(1) Trauma Avoidance
(2) Positive psychological growth after adversity
(3) Memory loss after trauma
(4) Chronic depression

**140.** एक परामर्शदाता क्लाइंट की बात को बिना किसी व्याख्या अथवा मूल्यांकन के अपने शब्दों में पुन: प्रस्तुत करता है। व्यक्ति केंद्रित परामर्श में इसे विशेष रूप से क्या कहा जाता है ?

(1) संगति
(2) बिना शर्त सकारात्मक सम्मान
(3) परावर्तन
(4) सहानुभूति

**141.** लचीलापन की सर्वोत्तम परिभाषा क्या है ?

(1) तनाव से पूर्ण बचाव
(2) कठिनाइयों के बाद पुन: उभरने एवं अनुकूलन की क्षमता
(3) उच्च बुद्धिमत्ता
(4) शारीरिक शक्ति

**142.** मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन में सांस्कृतिक पक्षपात (cultural bias) का परिणाम क्या हो सकता है ?

(1) अधिक सटीकता
(2) बेहतर वैधता
(3) भेदभाव एवं गलत व्याख्या
(4) निष्पक्ष निर्णय

**143.** साइकोन्यूरोइम्यूनोलॉजी किनके पारस्परिक संबंधों का अध्ययन करती है ?

(1) मस्तिष्क, व्यवहार एवं प्रतिरक्षा तंत्र
(2) हॉर्मोन एवं व्यक्तित्व
(3) बुद्धि एवं अधिगम
(4) पोषण एवं स्मृति

**144.** यूडैमोनिक कल्याण किस पर बल देता है ?

(1) सुख एवं आनंद
(2) भौतिक संपत्ति
(3) जीवन का अर्थ एवं आत्म-साक्षात्कार
(4) सामाजिक प्रतिष्ठा

**145.** पोस्ट-ट्रॉमैटिक ग्रोथ सम्बन्धित है :

(1) आघात से बचाव
(2) कठिन परिस्थितियों के बाद सकारात्मक मनोवैज्ञानिक विकास
(3) आघात के बाद स्मृति हानि
(4) दीर्घकालिक अवसाद

**146.** **Assertion (A) : :** Discrimination refers to negative beliefs about members of a social group.

**Reason (R) :** Discrimination is the behavioural component that may arise from stereotypes and prejudicial attitudes.

Choose the correct option :

(1) Both (A) & (R) are true & (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) & (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true but (R) is false.

(4) (A) is false but (R) is true.

**147.** A student turns down an easy, enjoyable internship and chooses a demanding volunteer role because it feels more aligned with their values and identity. This choice is best interpreted as :

(1) Eudaimonic Well-Being

(2) Hedonic Adaptation

(3) Informational Social Influence

(4) Affective Forecasting

**148.** According to psychoneuroimmunological research, the most defensible explanation for a relationship between chronic stress and cancer is that chronic stress may :

(1) Directly transform healthy cells into malignant cells.

(2) Dysregulate immune processes involved in detecting and controlling abnormal cells

(3) Eliminate behavioural risk factors associated with cancer.

(4) Permanently increase lymphocyte proliferation.

**149.** Which of the following findings would provide the strongest evidence for psychological well-being in Ryff's framework ?

(1) High life satisfaction accompanied by low negative affect.

(2) Frequent experiences of pleasures and positive emotions.

(3) Continued personal development despite repeated life challanges.

(4) Consistent conformity to prevailing social expectations.

**146.** **अभिकथन (A) :**विभेदीकरण किसी सामाजिक समूह के सदस्यों के बारे में नकारात्मक विश्वासों को संदर्भित करता है ।

**कारण (R) :**विभेदीकरण व्यवहारात्मक घटक है, जो रूढ़धारणाओं तथा पूर्वाग्रही मनोवृत्तियों से उत्पन्न हो सकता है ।

सही विकल्प चुनिए :

(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(3) (A) सत्य है, किन्तु (R) असत्य है ।

(4) (A) असत्य है, किन्तु (R) सत्य है ।

**147.** एक विद्यार्थी आसान एवं आनंददायक इंटर्नशिप को अस्वीकार कर एक चुनौतीपूर्ण स्वयंसेवी भूमिका चुनता है क्योंकि वह उसे अपने मूल्यों एवं पहचान के अधिक अनुरूप प्रतीत होती है । इस चयन की सर्वोत्तम व्याख्या क्या है ?

(1) यूडैमोनिक कल्याण

(2) सुखानुकूलन

(3) सूचनात्मक सामाजिक प्रभाव

(4) भावात्मक पूर्वानुमान

**148.** मनोतंत्रिकाप्रतिरक्षा विज्ञान संबंधी अनुसंधान के अनुसार, दीर्घकालिक तनाव और कैंसर के मध्य संबंध की सर्वाधिक युक्तिसंगत व्याख्या यह है कि दीर्घकालिक तनाव

(1) स्वस्थ कोशिकाओं को सीधे घातक कोशिकाओं में परिवर्तित कर सकता है ।

(2) असामान्य कोशिकाओं की पहचान एवं नियंत्रण से संबंधित प्रतिरक्षी प्रक्रियाओं को अव्यवस्थित कर सकता है ।

(3) कैंसर से संबंधित व्यावहारिक जोखिम कारकों को समाप्त कर सकता है ।

(4) लसीकाणुओं की वृद्धि को स्थायी रूप से बढ़ा सकता है ।

**149.** निम्नलिखित में से कौन सा निष्कर्ष रिफ़ के मनोवैज्ञानिक कल्याण मॉडल के अनुसार मनोविज्ञान कल्याण का सबसे सशक्त प्रमाण प्रदान करेगा ?

(1) उच्च जीवन-संतोष के साथ निम्न नकारात्मक भाव

(2) सुखद एवं सकारात्मक भावनाओं का बार-बार अनुभव

(3) जीवन की बार-बार आने वाली चुनौतियों के बावजूद निरंतर व्यक्तिगत विकास

(4) प्रचलित सामाजिक अपेक्षाओं के अनुरूप सतत् व्यवहार ।

**150.** According to the "Values in Action" (VIA) classification system, character strengths are defined as -

(1) Naturally recurring patterns of thoughts and feeling

(2) Situational habits that lead to success.

(3) Economic and material capital in an individual's life.

(4) Psychological processes and mechanisms that define virtues.

**150.** "वैल्यूज़ इन एक्शन" (VIA) वर्गीकरण प्रणाली के अनुसार, चरित्रगत शक्तियों को किस रूप में परिभाषित किया गया है ?

(1) विचार एवं भावनाओं के स्वाभाविक रूप से पुनरावर्ती प्रतिरूप

(2) ऐसी परिस्थितिजन्य आदतें जो सफलता की ओर ले जाती है

(3) व्यक्ति के जीवन में आर्थिक एवं भौतिक पूँजी

(4) वे मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाएँ एवं तंत्र जो सद्गुणों को परिभाषित करते हैं ।

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह